**खास बात**

*मौत अगर आसान नहीं, जीना भी आसान नहीं। मौत को मुश्किल जानने वालों, जीना मौत से मुश्किल है ।।*

*- जगन्नाथ 'आजाद'*

।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 22 अंक - 232

नर्मदापुरम

सोमवार, 08 जून 2026

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक


## संक्षिप्त समाचार

### 5 करोड़ के सोने के साथ 3 विदेशी नागरिकों समेत 6 लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने एक बड़े



ऑपरेशन को अंजाम देते हुए अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। डीआरआई की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तीन विदेशी नागरिकों समेत कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य का अवैध सोना बरामद किया गया है। पकड़े गए विदेशी नागरिकों में बांग्लादेश और श्रीलंका के नागरिक शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस काले कारोबार में एयरपोर्ट के ही तीन स्टाफ कर्मी भी शामिल थे, जिन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

### अंजना ओम कश्यप ने खान सर पर ठोका मानहानि का मुकदमा

**नई दिल्ली।** देश के मीडिया और सोशल मीडिया जगत से इस वक्त की एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। जानी-



मानी टीवी पत्रकार अंजना ओम कश्यप ने सोशल मीडिया पर बेहद लोकप्रिय शिक्षक खान सर के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। यह कानूनी लड़ाई एक टीवी शो के बाद शुरू हुई, जिसमें अंजना ओम कश्यप ने देश में 'स्टार टीचर्स' के बढ़ते प्रभाव और उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। आरोप है कि इसके बाद खान सर ने पलटवार करते हुए पत्रकार पर कई तीखी और अपमानजनक टिप्पणियां की थीं, जिससे आहत होकर अब मामला अदालत की चौखट पर पहुंच गया है।

### झारखंड से आमों का निर्यात शुरू, पहली खेप यूनाइटेड किंगडम भेजी गई



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास कर रही है। इसी क्रम झारखंड राज्य के आमों का निर्यात शुरू किया गया है और पहली खेप को यूनाइटेड किंगडम भेजा गया है। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से रविवार को दी गई। इसे स्थानीय सामान के विदेशों में जाने का शानदार उदाहरण बताते हुए केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि झारखंड के सिमडेगा की महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा उगाए गए आम्रपाली आम यूनाइटेड किंगडम पहुंचने वाले हैं। एपीडा के निरंतर प्रयासों से किसानों को बेहतर मूल्य, महिलाओं को नई पहचान और भारत के कृषि निर्यात को नई गति मिल रही है।

### टीटी नगर स्टेडियम से गूंजा फिट इंडिया का संदेश



**भोपाल।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल में रविवार सुबह फिटनेस और जागरूकता का उत्साह देखने को मिला। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम पहुंचकर 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान हजारों की संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों, फिटनेस प्रेमियों, सामाजिक संगठनों, स्कूली विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने साइकिल रैली में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

## अब धार्मिक नगरी वाराणसी में नहीं बिकेगा मांस, शहर से बाहर शिफ्ट होंगी मीट-मछली की दुकानें



**लखनऊ ■ एजेंसी**

काशी की धार्मिक गरिमा और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए वाराणसी नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अब वाराणसी में मीट, मांस और मछली बाजार शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित किए जाएंगे। इस निर्णय के पश्चात शहर के भीतर अब कच्चा मीट या मछली नहीं मिलेगी। नगर निगम की बैठक में यह तय किया गया कि काशी में कोई भी मीट, मांस और मछली की दुकान संचालित नहीं होगी। इन सभी दुकानों को शहर की परिधि के बाहर ले जाया जाएगा।

वाराणसी शहर की सभी मीट-मछली की दुकानों को रामनगर, सूजाबाद, गनेशपुर, अवलेशपुर और शिवपुर जैसे स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा। शहर से बाहर इन दुकानों को भेजने की मांग पिछले काफी समय से उठ रही थी। नगर निगम सदन में पार्षद गुलशन अली ने गत वर्ष इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। पार्षद अली ने उस समय यह तर्क दिया था कि सावन के पवित्र महीने में मीट की दुकानें पूरे माह बंद रहती हैं, जिससे इन व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है।

काशी विश्वनाथ धाम के भव्य उद्घाटन के बाद से वाराणसी में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। दिसंबर 2021 में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन हुआ था, और तब से लेकर अब तक लगभग 29 करोड़ 80 लाख श्रद्धालु यहां दर्शन कर चुके हैं। भीषण गर्मी के मौसम के बावजूद, पिछले साठ दिनों के भीतर ही एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए हैं।

**नवरात्र तक शहर से बाहर होंगी मांस की दुकानें**

ऐसे में, नगर निगम का स्पष्ट मत है कि काशी की प्राचीन गलियों और धार्मिक वातावरण में कच्चे मीट और मछली की दुकानें होना उचित नहीं है। इन दुकानों से श्रद्धालुओं को असुविधा होती है, जिससे शहर की धार्मिक छवि भी प्रभावित होती है। नगर निगम ने इन दुकानों को नवरात्र तक शहर से बाहर स्थानांतरित करने की व्यापक तैयारी की है। यह कार्य आगामी नवरात्र से पहले पूरा कर लिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### विकासखंड और नगरीय निकाय मुख्यालयों पर लगेंगे शिविर

## जनकल्याण शिविर में मिलेगा योजनाओं का लाभ, समस्याओं का होगा निराकरण: सीएम

**12 से 18 जून 2026 की अवधि में लगेंगे 03 दिवसीय 'जनकल्याण शिविर'**

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 12 से 18 जून 2026 की अवधि में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 03 दिवसीय 'जनकल्याण शिविर' आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। जिले में संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं (सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित) के पात्र किन्तु वंचित हितग्राहियों की पहचान विभागीय मैदानी अमले के सहयोग से कर उनका पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की कार्यवाही प्राथमिकता से की जायेगी। साथ ही विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) के लिये भी हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उनका पंजीयन एवं निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा।



**जनशिकायतों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाये**

अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियान की सम्पूर्ण कार्ययोजना जैसे शिविरों की तिथियां, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाकर सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। सी.एम. हेल्पलाइन, लोकसेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत लंबित प्रकरणों, राजस्व मामलों और अन्य जनशिकायतों के निराकरण हेतु शिविर अवधि में विशेष अभियान चलाया जाये। यथासंभव समस्त लंबित आवेदनों के निराकरण का प्रयास किया जाए। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय स्टॉल स्थापित किये जायें और पात्र हितग्राहियों को आवेदन, पंजीयन एवं सेवा वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाये। इन शिविरों में भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विकास एवं प्रगति की प्रदर्शनी आयोजित की जाये। इसमें प्रबुद्ध जनों/आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में सभी संभागायुक्त, कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आयुक्त, नगर पालिक निगम और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है। निर्देशों में कहा गया है कि शिविरों का रोस्टर इस प्रकार तैयार किया जाए कि यथासंभव कलेक्टर/अपर कलेक्टर/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिले के समस्त विभागों के जिला अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिविर में उपस्थित रहें और विभागीय योजनाओं, सेवाओं, शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

अभियान के दौरान चिन्हांकित योजनाओं में प्राप्त आवेदनों को दर्ज करने एवं निराकरण संबंधी कार्यवाही सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल (http://cmhelpline. mp.gov.in) के माध्यम से की जायेगी। पोर्टल में एक पृथक मॉड्यूल तैयार कर अधिकारियों को लॉगइन उपलब्ध कराने की सुविधा दी जा रही है।

शिविर में प्राप्त होने वाले ऐसे आवेदन जिनका निराकरण तत्काल संभव न हो, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित कर आवेदक को सूचित किया जाये और प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाये। जिला कलेक्टर शिविरों के आयोजन, विभागीय समन्वय, प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण और पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण के लिए उत्तरदायी होंगे। शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न संचार माध्यमों से किया जाये, जिससे अधिकतम नागरिक लाभान्वित हो सकें। शिविर आयोजन के लिये जिले के प्रभारी मंत्री का अनुमोदन प्राप्त किया जाये और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाये।

### अखिलेश होंगे शामिल, सपा कांग्रेस से मांगेगी सूची

## लंबे समय के बाद आज होगी इंडिया गठबंधन की बैठक



**लखनऊ ■ एजेंसी**

सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन की सोमवार को नई दिल्ली में हो रही बैठक में हिस्सा लेंगे। माना जा रहा है कि इसमें यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर खास चर्चा हो सकती है। टिकट वितरण के किसी सर्वमान्य फॉर्मूले के तय होने से पहले सपा, कांग्रेस से प्रत्याशियों की सूची मांग सकती है।

लंबे इंतजार के बाद इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई गई है। इससे पहले यह बैठक लोकसभा चुनाव के दौरान जून, 2024 में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई थी। इसमें मतदान के रुख और उसके बाद की रणनीति पर चर्चा हुई थी। इसके बाद केरल और तमिलनाडु के चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस के इंडिया गठबंधन में शामिल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और डीएमके से रिश्ते खराब हो गए। ऐसे में गठबंधन की सोमवार को होने वाली बैठक में शामिल होने वाले दलों पर सभी की नजर है। हालांकि, कांग्रेस का दावा है कि इस बैठक में 23 विपक्षी दल शामिल होंगे।

### बैठक में यूपी में सीट बंटवारे को लेकर होगी बातचीत

सपा सूत्रों के मुताबिक, पूर्व सीएम अखिलेश यादव बैठक में शामिल होंगे। सपा यूपी में चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर चुकी है। उसने अपने आधे से ज्यादा प्रत्याशियों को हरी झंडी भी दे दी है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की बैठक में यूपी में सीट बंटवारे को लेकर बात होनी तय मानी जा रही है। इस मामले में सपा अध्यक्ष पहले ही कह चुके हैं कि सवाल सीट का नहीं, जीत का है। इसलिए माना जा रहा है कि बैठक में सपा सीटों के वितरण से पहले कांग्रेस से उनके प्रत्याशियों की सूची मांगेगी। जिताऊ कैंडीडेट होने पर ही सपा गठबंधन के तहत उन पर दांव लगाने के लिए तैयार होगी।

## फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक में बिना सेफ्टी उतरे थे 4 मजदूर जहरीली गैस ने एक झटके में लील ली चारों की जान

**सूरत ■ एजेंसी**

गुजरात के सूरत शहर से एक बेहद ही दर्दनाक और झकझोर देने वाला हादसा सामने आया है। यहां के वराछा इलाके में शुगर मार्केट के पास स्थित एक ज्वेलरी फैक्ट्री के ईटीपी प्लांट की सेप्टिक टंकी की सफाई करने उतरे चार मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से दम घुटने के कारण मौत हो गई। इस भीषण हादसे के बाद से पूरे औद्योगिक इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने भारी मशक्कत के बाद चारों मजदूरों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरतने को लेकर जांच शुरू कर दी है। सुबह करीब 10:22 बजे फायर डिपार्टमेंट को फोन पर सूचना दी गई कि टंकी में केवल एक व्यक्ति फंसा हुआ है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम कुछ ही मिनटों में रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पहुंच गई। लेकिन जब फायर कर्मियों ने टंकी के भीतर कदम रखा, तो वहां का नजारा देख उनके भी होश उड़ गए।



**एक के बाद एक उतरे थे चार लोग**

मिली जानकारी के अनुसार, वराछा के खंड बाजार में स्थित 'रति ज्वैलर्स' नाम की एक इंडस्ट्रियल यूनिट है, जहां सोने और गहनों की मैन्युफैक्चरिंग और सफाई का काम होता है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन-आंदोलन

**भोपाल।** जल ही जीवन है और इस जीवनदायी संपदा को सहेजने की दिशा में एमपी अब समूचे विश्व के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बन रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और सीएम डॉ. मोहन यादव की अभिनव पहल पर प्रदेश में शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अब केवल एक सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि जनभागीदारी का एक सशक्त जन-आंदोलन बन चुका है। नदियों, तालाबों और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन की इस भागीरथी कोशिश को अब अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी अभूतपूर्व सराहना मिल रही है।

## होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका ने मार गिराए ईरान के दो ड्रोन शांति दूत बनकर भागे-भागे तेहरान पहुंचे पाक गृह मंत्री

**तेहरान ■ एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच कहने को तो युद्धविराम लागू है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। दोनों देशों के बीच जारी इस खूनी संघर्ष के बीच एक बार फिर हमलों का नया मामला सामने आया है। अमेरिकी सेना ने रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट के ऊपर मंडरा रहे ईरान के दो ड्रोन पर ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें मार गिराया है। इस ताजा सैन्य कार्रवाई के बाद मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में एक बार फिर से युद्ध की चिंगारी भड़क उठी है। अमेरिकी मिलिट्री ने बयान जारी कर कहा है कि उसने अंतरराष्ट्रीय



समुद्री यातायात और कमर्शियल जहाजों की सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे ईरानी ड्रोनों को हवा में ही ढेर किया है। इस बीच, खाड़ी में भड़की इस आग को शांत कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी भागे-भागे तेहरान पहुंच गए हैं, जिससे राजनयिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

**100 दिन बाद भी नहीं थम रहा महायुद्ध**

रविवार को ईरान-अमेरिका के बीच जारी यह विनाशकारी युद्ध अपने 100वें दिन पर पहुंच गया है, लेकिन फिलहाल इसका कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। अस्थाई सीजफायर को एक पक्के और स्थायी शांति समझौते में बदलने की अंतरराष्ट्रीय कोशिशें बार-बार पटरी से उतर रही हैं। इस युद्ध की तपिश ने न केवल ग्लोबल मार्केट और कच्चे तेल की कीमतों को हिलाकर रख दिया है, बल्कि अमेरिका में होने वाले मिडटर्म चुनावों से ठीक पहले अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप पर घरेलू और राजनीतिक दबाव को काफी बढ़ा दिया है।

### उड़ता तीर





*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा दांव*

## जल्द हाईटेक होंगी सरहदें, परवान चढ़ेगा कारोबार; चुटकियों में मिलेगी मंजूरी

***नई दिल्ली ■ एजेंसी***

*भारत सरकार ने सीमाओं पर व्यापार और आवाजाही को पूरी तरह हाईटेक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (एलपीएमएस) लॉन्च करेंगे। यह एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसे देश के सभी लैंड पोर्ट्स के कामकाज को एक एकीकृत प्रणाली से जोड़ने के लिए बनाया गया है इसके साथ ही, गृह मंत्री अमित शाह मेघालय के डाउकी और त्रिपुरा के श्रीमंतपुर लैंड पोर्ट्स पर नवनिर्मित हितधारक आवास सुविधाओं का भी उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी सरकार की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई है।*




**सुगम समन्वय और कम समय**

*यह नया सिस्टम सीमाओं पर लगने वाले समय को कम करेगा। बयान के मुताबिक, एलपीएमएस सरकारी एजेंसियों और निजी ऑपरेटरों सहित सभी हितधारकों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करेगा। इससे काम में होने वाली देरी थमेगी। इसके साथ ही परिचालन दक्षता में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। यह प्रणाली कार्गो और यात्रियों की आवाजाही के लिए सुरक्षित, पूरी तरह डिजिटल वर्कफ्लो प्रदान करेगी। इसमें स्लॉट बुकिंग, ऑनलाइन भुगतान, ट्रैकिंग और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं*

### इस्राइल में स्थापित होगी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा, वाणिज्य दूतावास का ऐलान

**मुंबई।** भारत और इस्राइल के बीच मित्रता के संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। मुंबई स्थित इस्राइली



महावाणिज्य दूतावास ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर इस्राइल में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की पहल के लिए समर्थन और सहयोग मांगा है।

महावाणिज्य दूतावास के दूत यानिव रेवाच ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस्राइल की ऐतिहासिक यात्रा के बाद हमारी सरकार ने दोनों देशों के लोगों को करीब लाने के विशेष प्रयास करने का निर्णय लिया है




भोपाल। रविंद्र भवन में विश्व के मंच पर वैचारिकमंच बौद्ध धर्म के पर्यटन स्थल को मध्य प्रदेश को विश्व मंच पर पर्यटन का हव बनाने के लिए दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया इस सम्मेलन में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी शिक्षा मंत्री नारायण कुशवाहा सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे इस सम्मेलन में विदेश से बौद्ध धर्म के अनुयाई उपस्थित रहे सम्मेलन का आयोजन गोल्डन बुद्ध स्टैचू चुनाभट्टी के अध्यक्ष सागर भंते द्वारा किया गया

# भागवत कथा श्रवण से मिटते हैं दुःख-दर्द, संसार का होता है कल्याण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल ■ निसं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रीमद्भागवत कथा का पुण्य-प्रताप ऐसा है कि इसे सुनने मात्र से ही मनुष्य के दुःख-दर्द दूर हो जाते हैं। भागवत कथा श्रवण से कष्टों का शमन होता है और पूरे संसार का कल्याण होता है। इस कथा का श्रवण मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में ऐसे धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व है। ये समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं और सबके जीवन में सद्भाव एवं आत्मिक शांति का संचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को धर्म के मर्म एवं नैतिकता का भान कराती है। यह मनुष्य को उसके कर्तव्यों और मानव सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला दिव्य ज्ञानामृत है। भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में भागवत गीता कथा एक पवित्र माध्यम है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को उज्जैन जिले के ग्राम टंकारिया पंथ में एक से सात जून तक हुई श्रीमद्भागवत कथा के समापन समारोह को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कथा समापन समारोह में सहभागिता की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में नाना प्रकार के कष्ट थे, परंतु उन्होंने अपने कष्टों से इतर कुशासन (कंस) का अंत किया। वे सदैव धर्म मार्ग पर बने रहे। उन्होंने समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं से कहा कि वे गीता के संदेश को अपने जीवन में भी अपनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण ने लीलाएं कीं, वहां-वहां हमारी सरकार भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि उज्जैन जिले के नारायणा गांव और धार जिले के अंका-झंका माताजी परिसर में भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बनाया जायेगा। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम टंकारिया पंथ से लेपड़ तक एवं इसी गांव से रानापुर फाटक तक पक्की सड़क बनाई जायेगी। यहां धर्मशाला में शेड निर्माण के लिए भी राशि और गौशाला निर्माण के लिए अनुदान दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली राखी में भी हमारी सरकार लाड़ली बहनों को शगुन के रूप में राशि भेजेगी, बुजुर्गों से कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को हमारी सरकार तीर्थ यात्रा करायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कथा आयोजन को समाज में आध्यात्मिक जागृति और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। सात दिवसीय भागवत् कथा के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों, संतजनों एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना का व्यापक प्रसार हुआ है। ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों को सुदृढ़ करने में मददगार होते हैं।

## हमीदिया की पार्किंग में ऑटो चालक को बंधक बनाकर की मारपीट

**भोपाल।** राजधानी के कोहेफिजा थाना इलाके में स्थित हमीदिया अस्पताल की पार्किंग में दिखाकर दिखाते हुए ऑटो चालक के साथ मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पार्किंग क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक ऑटो चालक को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की और उससे हर महीने 5 हजार रुपए देने का दबाव बनाया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद ऑटो चालक को पार्किंग क्षेत्र में रोक लिया गया। आरोप है कि वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। सूचना मिलने पर ऑटो मालिक मौके पर पहुंचा, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ भी अभद्रता और मारपीट की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि जॉच के बाद आरोपियो को जल्द ही दबोच लिया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन भोपाल मंडल में सुरक्षा जागरूकता अभियान रहा जारी

**भोपाल।** संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अंतर्गत 06 जून से 12 जून 2026 तक विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।अभियान के दूसरे दिन भी मंडल के विभिन्न समपार फाटकों पर सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में संरक्षा विभाग, इंजीनियरिंग, परिचालन, यांत्रिक, वाणिज्यिक, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग तथा रेलवे सुरक्षा बल द्वारा संयुक्त रूप से समपार फाटकों पर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के दौरान वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को समपार फाटकों पर बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी जा रही है तथा सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत 07 जून को मंडल के समपार फाटकों पर जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे दिन समपार फाटक संख्या 10 (सेमरखेड़ी-कंजिया खंड) एवं समपार फाटक संख्या 274 (सोरई-सुमेर खंड) सहित विभिन्न समपार फाटकों पर 50 से अधिक सड़क उपयोगकर्ताओं की काउंसिलिंग की गई तथा सुरक्षा पंपलेट वितरित कर उन्हें समपार फाटक सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

### समापन के दौरान सांसद ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सरदार पटेल का योगदान सदा याद रखा जाएगा-आलोक शर्मा

भोपाल ■ निसं

भारतीय जनता पार्टी के भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने गुरूवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भोपाल-सीहोर लोकसभा की यूनिटी मार्च पदयात्रा के समापन अवसर पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीहोर के शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान (भोपाल नाका) से शुरू हुई। इसके पूर्व सांसद आलोक शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। पदयात्रा में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीताराम यादव, भाजपा नेता सन्नी महाजन, राजकुमार गुप्ता, सुदीप प्रजापति सहित कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा शक्ति शामिल रहे। सांसद



आलोक शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। उनके इस महान योगदान को देश में सदा याद रखा जाएगा। सांसद शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को देश में विलय कराया। भोपाल रियासत का सरदार पटेल के हस्तक्षेप के बाद ही आजादी के 2 साल बाद भारत में विलय हो सका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सरदार पटेल के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पदयात्रा सीहोर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए लीसा टॉकीज चौराहे पर सम्पन्न हुई। समापन अवसर पर युवाओं को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।

## इन्टरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन बुद्धिस्ट हैरिटेज हब का शुभारंभ

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार, संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी व नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की उपस्थिति में इन्टरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन बुद्धिस्ट हैरिटेज हब का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।
रविन्द्र भवन में रविवार को आयोजित कान्फ्रेंस को मंत्री श्री कुशवाह, श्री परमार व श्री लोधी सहित देश-विदेश से आए

*केबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह व इन्दर सिंह परमार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी व निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के आतिथ्य में हुआ शुभारंभ*

विद्वानों एवं बौद्ध चिंतकों ने अपने विचार व्यक्त किए। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि भगवान बुद्ध का शांति, करूणा और मानव कल्याण का संदेश आज भी सम्पूर्ण विश्व को प्रेरित कर रहा है। श्री सूर्यवंशी ने कहा कि बुद्धिस्ट हैरिटेज हब पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए विद्वानों एवं बौद्ध चिंतकों के विचार सुनने का अवसर हम सबको मिला है, निश्चित ही यह हमारे लिए प्रेरणादायक है। श्री सूर्यवंशी ने कहा कि यह सम्मेलन बौद्ध विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।
कार्यक्रम में अन्य अतिथियों के साथ ही निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी का सम्मान आयोजकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भंते शाक्य पुत्र सागर थैरो सहित देश-विदेश से आए भंतेगण, शिक्षाविद, पुरातत्ववेत्ता एवं प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## लव मैरिज के 5 महीने बाद नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

भोपाल ■ निसं

शहर के उपनगर बैरागढ़ इलाके में रहने वाली नव विवाहिता की शादी के पॉच महीने बाद ही संदिग्ध हालत में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मृतका ने 5 महीने पहले घर वालों की मर्जी के खिलाफ लव मैरिज की थी, और इन दिनो उसे 4 माह का गर्भ था। बताया गया है की खुदकुशी से पहले उसका अपने पति से अन्य महिला से बात करने को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार संजय नगर बैरागढ़ में रहने वाली भारती सोलंकी (25) पत्नी विक्की सोलंकी घरेलू महिला थी। शादी से पहले तक भारती एक ज्वेलरी शॉप में काम करती थी। उस दौरान ही उसकी विक्की से दोस्ती और प्रेम-प्रसंग हुआ था। बाद में भारती ने परिवार वालो की मर्जी के खिलाफ 5 महीने पहले विक्की से लव मैरिज की थी। इन दिनो वह गर्भवती थी, और आत्महत्या से 2 दिन पहले डॉक्टर के पास रूटीन चेकअप भी कराने गई थी। शनिवार रात भारती ने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने जॉच के बाद मर्ग कायम कर रविवार को शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया हैं।

**अन्य महिला से बात करने को लेकर हुआ था पति से विवाद चार माह की गर्भवती थी मृतका**

हालांकि पुलिस शुरुआती तौर पर इसे आत्महत्या मानकर जांच कर रही है। वहीं भारती के परिजनो ने उसकी हत्या किये जाने के आरोप लगाये है। परिजनो का कहना है की भारती के बाएं हाथ की कलाई पर कट का गहरा निशान है। उसके गले पर भी निशान थे। हमें पूरा शक है कि विक्की ने भारती की हत्या की है, जिसे आत्महत्या दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। परिवार वालो का यह भी आरोप है कि बीते शुक्रवार को भारती ने पति विक्की को फोन पर उसकी महिला मित्र से बात करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया था। इसके बाद दोनो के बीच विवाद हुआ तब विक्की ने बहन के साथ मारपीट की थी। बहन ने उन्हें मारपीट की जानकारी दी जब वह उसके घर पहुंचे तो पति-पत्नी का विवाद हो रहा था, वह भारती का घर बिगड़ना नहीं चाहते थे, इसलिये उस समय दोनों को समझाइए दी और भारती को ससुराल में ही रहने दिया। इस बात को लेकर विक्की उसे परेशान करता था। पुलिस का कहना है की सुसाइड नोट नहीं मिलने से खुदकुशी के सही कारण का खुलासा नहीं हुआ है। पीएम रिपोर्ट के बाद परिवार वालो के डिटेल बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## चलती बाइक में दुपट्टा फंसने से गर्भवती महिला की मौत

भोपाल ■ निसं

बैरागढ़ क्षेत्र में बीती दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में गर्भवती महिला की मौत हो गई। महिला का दुपट्टा चलती बाइक के पिछले पहिए में फंस जाने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में महिला को सिर में गंभीर चोट आई, जिसके कारण उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस के अनुसार संजय नगर निवासी विकास मेवाड़ा अपनी गर्भवती पत्नी भारती मेवाड़ा (30) को रुटीन चेकअप के लिए शनिवार दोपहर बाइक से लेकर डॉक्टर के पास जा रहे थे। जब वे संजय नगर क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी भारती के गले में पड़ा दुपट्टा अचानक बाइक के पिछले पहिए में उलझ गया। दुपट्टा फंसते ही बाइक का संतुलन बिगड़ गया और पति-पत्नी सड़क पर गिर पड़े। हादसे में भारती के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि विकास भी घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिये अस्पताल पहुचाया गया लेकिन भारती की जान नहीं बच सकी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौपते हुए आगे की जॉच शुय कर दी है।

## ट्रेन रद्द होने पर नहीं कटेगा एक भी पैसा

**भोपाल।** देश में रोजाना लाखों यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। कई बार तकनीकी या अन्य कारणों के चलते ट्रेन कैंसल हो जाती है। ऐसे में उन यात्रियों के सामने यह सवाल होता है कि कैंसल टिकट की राशि कब और कैसे वापस मिलेगी। बता दें कि कोई भी ट्रेन कैंसल होने पर रेलवे यात्रियों को टिकट की पूरी राशि प्राप्त करने का अधिकार देता है और इसमें किसी भी प्रकार की कटौती नहीं की जाती। यह सुविधा उन यात्रियों के लिए है जिन्होंने काउंटर से और ऑनलाइन ई-टिकट बुक किया है। रेलवे के नियमों के अनुसार यदि बाढ़, दुर्घटना, ट्रैक खराब होने या किसी अन्य कारण से ट्रेन रद्द कर दी जाती है और उसे पीआरएस सिस्टम में कैंसल्ड दिखाया जाता है, तो यात्री को पूरा रिफंड दिया जाता है। ई-टिकट के मामले में आमतौर पर रिफंड अपने आप यात्रियों के उसी बैंक खाते, कार्ड, यूपीआई या भुगतान माध्यम में भेज दिया जाता है।

### कान्हा टाइगर रिजर्व में बढ़ा खतरा.. दो महीने में 8 बाघों की मौत

## कैनाइन डिस्टेंपर वायरस की चपेट में आया एक और बाघ

भोपाल ■ निसं

कान्हा टाइगर रिजर्व में एक बार फिर कैनाइन डिस्टेंपर वायरस का मामला सामने आने से वन विभाग और वन्यजीव विशेषज्ञों की चिंता बढ़ गई है। किसली रेंज के संदुकखोल क्षेत्र में एक बाघ के असामान्य व्यवहार की सूचना मिलने पर पार्क प्रबंधन ने तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर उसे मुक्की रेंज स्थित क्वारेंटाइन सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार और लगातार निगरानी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले पर्यटन क्षेत्र में आए पर्यटकों ने बाघ की असामान्य गतिविधियों को देखा और इसकी सूचना पार्क प्रबंधन को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और बाघ की लगातार मॉनिटरिंग शुरू की गई। विशेषज्ञों की सलाह के बाद गुरुवार शाम उसे सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर



क्वारेंटाइन सेंटर पहुंचाया गया। अधिकारियों के मुताबिक शुरुआती जांच में बाघ में न्यूरोलॉजिकल समस्या के संकेत मिले थे, लेकिन विस्तृत परीक्षण में वह सीडीवी पॉजिटिव पाया गया। फिलहाल उसे अन्य वन्यजीवों से अलग रखकर विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

दो महीनों में 8 बाघों की मौत से बढ़ी चिंता: कान्हा टाइगर रिजर्व में पिछले दो महीनों के दौरान 8 बाघों की मौत हो चुकी है। इनमें सीडीवी संक्रमण से मृत अमही बाघिन, उसके चार शावक और महावीर नर बाघ भी शामिल हैं। लगातार सामने आ रहे मामलों ने पार्क प्रबंधन को हाई अलर्ट पर ला दिया है।

हर संदिग्ध मामले पर त्वरित कार्रवाई: कान्हा के उपसंचालक (कोर) पीके वर्मा ने बताया कि सीडीवी के खतरे को देखते हुए किसी भी बीमार या असामान्य व्यवहार करने वाले बाघ की सूचना मिलते ही तत्काल रेस्क्यू और मेडिकल जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में दो संक्रमित बाघों का सफल उपचार कर उन्हें दोबारा जंगल में छोड़ा जा चुका है। फिलहाल विशेषज्ञों की टीम संक्रमित बाघ की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। स्वास्थ्य में सुधार और रिपोर्ट संतोषजनक आने के बाद उसे पुन: प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

## प्रदेश की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता पहुँची 85 हजार एमवीए के पार:ऊर्जा मंत्री तोमर

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि प्रदेश ने ऊर्जा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी कुल ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी (पारेषण क्षमता) को 85,000 एमवीए के पार पहुँचा दिया है। अब एमपी ट्रांसको की कुल ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी (पारेषण क्षमता) बढ़कर 85284 एमवीए की हो गई है। इस उपलब्धि में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा 400 केवी सबस्टेशन बीना में 315 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं उसके सफल ऊर्जीकरण का योगदान रहा है।

**400 केवी सबस्टेशन बीना में 315 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत**

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि बीना क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे औद्योगिक विकास तथा विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण सबस्टेशन की क्षमता में वृद्धि की गई है जो अब बढकर 1260 एमवीए की हो गई है।

### 1052 अति उच्च वोल्टेज पावर ट्रांसफार्मर स्थापित

एमपी ट्रांसको के पास वर्तमान में कुल 85248 एमवीए ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी हो गई है। कंपनी के नेटवर्क में कुल 1,052 अति उच्च वोल्टेज पावर ट्रांसफार्मर स्थापित हैं, जिनमें 400 केवी के 41 और 220 केवी के 220 तथा 132 केवी के 791 ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी द्वारा 43,079 सर्किट किलोमीटर लंबी अति उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों का संचालन किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में कंपनी के कुल 417 सबस्टेशन कार्यरत हैं, जिनमें 400 केवी के 14 और 220 केवी के 88 तथा 132 केवी के 315 सबस्टेशन शामिल हैं।

# एम्स भोपाल के आयुष विभाग ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में तीन सप्ताही योग गतिविधियों का शुभारंभ किया

भोपाल ■ निसं

एम्स भोपाल स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए निरंतर जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में एम्स भोपाल के आयुष विभाग द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 1 जून से 21 जून 2026 तक विभिन्न योग गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अभ्यास के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान और विश्राम तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा संस्थान के अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र का संचालन चिकित्सा अधिकारी (योग) डॉ. मुद्दा सोफिया तथा योग प्रशिक्षक डॉ. विजयता जैन के मार्गदर्शन में




किया गया। उन्होंने नियमित योग अभ्यास के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। आयुष मंत्रालय की '360ए योग' पहल तथा इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' के अनुरूप पूरे माह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य योग को केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित न रखते हुए शरीर, श्वास, मन और समाज के समग्र विकास से जोड़ना है।

एम्स भोपाल का आयुष विभाग प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को उत्साहपूर्वक मनाता है और योग को स्वस्थ जीवनशैली के अभिन्न अंग के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इन गतिविधियों का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य, संतुलन, सकारात्मकता और वैश्विक सामंजस्य का संदेश प्रसारित करना है। उद्घाटन कार्यक्रम का समापन सामूहिक ध्यान सत्र और योग संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ, संतुलित और सुखद जीवन के लिए नियमित योग अभ्यास करने का संकल्प लिया। 21 जून 2026 तक विभिन्न योग कार्यशालाएं, जागरूकता अभियान, सामुदायिक पहुंच कार्यक्रम तथा सामूहिक योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग योग के लाभों को समझ सकें और अपने जीवन में अपनाकर स्वस्थ जीवन की दिशा में आगे बढ़ सकें।

# जिला बदर बदमाश साथी गुंडे के साथ कर रहा था हथियार तस्करी

भोपाल ■ निसं

राजधानी भोपाल की क्राइम ब्रांच ने दो आदतन बदमाशो को हथियार तस्करी के मामले में रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। टीम ने उनके कब्जे से 4 देशी पिस्टल, 4 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल सहित दोपहिया वाहन जप्त किया है। क्राइम ब्रांच एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की शहर में अवैध हथियारो तस्करों की तलाश की जानकारी जुटाने में लगी टीम को मुखबिर से सूचना कि गोविंदपुरा क्षेत्र में दो संदिग्ध युवक हेमा पब्लिक स्कूल चौराहा स्थित रंगमंच के पीछे बैठकर किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। उनके पास जानलेवा हथियार भी हैं। खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर दोनो संदिग्ध युवको को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान अदनान बेग उर्फ पिस्टल निवासी जहांगीराबाद और रंजीत सिंह दांगी निवासी जिला सीहोर के रुप में हुई। तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक देशी पिस्टल, दो-दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला कायम कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आगे की कार्यवाही में बदमाशो के पास से 4 देशी पिस्टल, रिवॉल्वर, 4 जिंदा कारतूस 3 मोबाइल सहित दो पहिया वाहन जप्त किया गया।

**दोनों के कब्जे से 4 देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस जप्त, मुंबई से लाते थे हथियार खरीदकर**

जिला बदर था अदनान, दर्जन भर से अधिक मामले है दर्ज: अधिकारियो ने बताया की पकड़ाया गया आरोपी अदनान बेग उर्फ पिस्टल एसी रिपेरिंग का काम करता है, और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ थाना जहागीराबाद, एमपी नगर, छोला मंदिर, टीटी नगर, अशोका गार्डन, अरेरा हिल्स, निशातपुरा और थाना क्राइम ब्रांच में हत्या, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट के दर्जन भर से अधिक प्रकरण दर्ज है। थाना क्राइम ब्रांच में दर्ज एनडीपीएस (ड्रग्स) प्रकरण, थाना छोला मंदिर के हत्या प्रकरण एवं थाना गौतम नगर के अड़ीबाजी के प्रकरण में फरार चल रहा था। साथ ही वो अशोका गार्डन के एक मामले में स्थायी वारंटी था। उसका अपराधिक रिकार्ड देखते हुए 6 माह के लिए भोपाल शहर एवं आसपास के जिलों की सीमाओं से जिला बदर किया गया था। इसके बाद भी वह भोपाल शहर में घूमता पाया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ जिला बदर आदेश का उल्लंघन किए जाने पर रासुका के तहत भी कार्यवाही की है।



## अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन की सख्त कार्रवाई

नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सतत जारी है। इसी क्रम में ग्राम डोंगरवाडा, तहसील नर्मदापुरम में प्राप्त शिकायत के आधार पर पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए गए, जिन्हें मौके पर जप्त कर पुलिस थाना देहात नर्मदापुरम की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रॉफिट टस्कर अवार्ड्स 2026 में एनटीपीसी को दो प्रतिष्ठित सम्मान

**एनटीपीसी खरगोन ने 06 जून 2026 को कोच्चि स्थित क्राउन प्लाज़ा में आयोजित प्रॉफिट टस्कर अवार्ड्स 2026 में दो प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर एक और उपलब्धि अपने नाम की।**

खरगोन ■ निसं

स्टेशन को एचआर डाइवर्सिटी एंड इन्क्लूजन तथा ग्रामीण खेलों में उत्कृष्टता श्रेणियों में सम्मानित किया गया। ये सम्मान समावेशी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के विकास हेतु किए गए निरंतर प्रयासों की मान्यता हैं।

पुरस्कार समारोह में एनटीपीसी खरगोन की ओर से रविंदर कुंबम, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने ये सम्मान प्राप्त किए। इस अवसर पर देशभर के उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित प्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। एचआर डाइवर्सिटी एंड इन्क्लूजन श्रेणी में प्राप्त सम्मान एनटीपीसी खरगोन की ऐसी कार्य संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो समान अवसर, विविधता और समावेशिता को प्रोत्साहित करते हुए कर्मचारियों को सशक्त बनाती है। वहीं ग्रामीण खेलों में उत्कृष्टता का पुरस्कार आसपास के ग्रामीण समुदायों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, खेल सहभागिता बढ़ाने तथा खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना है।




एनटीपीसी खरगोन समावेशी विकास एवं सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर कार्यरत है।

## फिर बढ़े सिलेंडर के दाम, बिगड़ रहा घरेलू बजट

*खरगोन। पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों से जूझ रहे शहर के लोगों की रसोई पर अब एलपीजी सिलेंडर के सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर भारी बढ़ोतरी कर दी है, जिससे जिले में अब एक सिलेंडर की कीमत एक हजार रुपए के करीब पहुंच गया है। घरेलू सिलेंडर 960 से बढ़कर 986 रुपए 50 पैसे पर पहुंच गया है। बढ़ती महंगाई में शहर के मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए अब घर चलाना किसी चुनौती से कम नहीं है। एलपीजी के दाम बढने़ का असर परिवहन पर भी पड़ रहा है। डीजल-पेट्रोल और सीएनजी की दरों में इजाफा होने से ऑटो किराए से लेकर सब्जी और किराने के सामान की ढुलाई पर पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि अब घर का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। सिलेंडर हजार के पार जाना हमारी कमर तोडऩे जैसा है। तेल, सब्जी और अब गैस समझ नहीं आता कि बचत कहां से करें।*

*तीन महीनें में महंगाई ने पकड़ी रफ्तार पिछले तीन महीनों का गणित देखें तो महंगाई की रफ्तार डराने वाली है। रविवार को एक सिलेंडर पर सीधे 29 रुपये बढ़ाए गए। इससे पहले सात मार्च को सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये का इजाफा हुआ था। तीन महीने के भीतर गैस सिलेंडर पर 89 रुपये की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। जबकि कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों को पिछले दिनों ही बढ़ाया गया था। कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 3 हजार के पार पहुंच गई है गैस एजेंसियों के संचालकों की माने तो आगामी दिनों में कीमतों में और इजाफा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि पश्चिमी एशिया के युद्ध की वजह से क्रुड आयल सहित एलपीजी कम आ पा रही है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी इनकी कीमतों में उछाल आया है। ऐसे में देश में इसका सीधा असर पड़ रहा है। कीमत बढ़ाने के बाद भी पेट्रोलियम कंपनिया एलपीजी के मामले में घाटे में हैं।*

## मंत्री डॉ. विजय शाह ने विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

**खंडवा।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने शनिवार को जिले के ग्राम खालवा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1.20 करोड रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री दिव्यादित्य शाह भी मौजूद थे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र में विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग के लोगों की सुविधा के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं।

# मलेरिया जागरुकता रथ गांव गांव जाकर ग्रामीणों को मलेरिया के प्रति सचेत कर रहा

खण्डवा ■ निसं

राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया।

उन्होंने बताया कि मलेरिया रथ अभी तक ग्राम सिहाड़ा, ललवाड़ा, जावर, पिपल्याफुल, खुटफल, रनगांव, डोरानी, तलवाड़िया, कोलगांव, जामनी मूंदी, सैलानी, फतेहपुर एवं केहलारी के हाट बाजार, ग्राम खेड़ी, रजूर, मछौडी, जोगी बेड़ा, आशापुर, जामनी गुर्जर, मेंढ़ापानी, डाबिया, लंगोटी, पटाजन, रोशनी, बाराकुंड, उदयापुर, सांवलीखेड़ा, खालवा, संदलपुर, बखार, खार के हाट बाजार में पहुंच और




वहां के ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके साथ ही चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण, लक्षण, जांच और उपचार की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा खण्डवा शहरी क्षेत्र में भी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत टीम द्वारा घर-घर जाकर और सामुदायिक चौपालों के माध्यम से लोगों को सचेत किया जा रहा है।

## डॉक्टर्स ने जटिल ऑपरेशन कर प्रसूता अर्चना और उसके बच्चे की जान बचाई

**खण्डवा।** स्वास्थ्य विभाग के अमले के आपसी समन्वय और डॉक्टर्स के अथक प्रयासों से हाईरिस्क गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु की जान बचाई जा सकी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.डी. बकोरिया ने बताया कि खालवा विकासखण्ड के वनग्राम ढेमरिया गुलाई निवासी गर्भवती महिला अर्चना पति रोहित उम्र 20 वर्ष गंभीर सीवियर प्री-इक्लम्पिसया अत्यधिक उच्च जोखिम वाली स्थिति से ग्रसित थी। डॉ. बकोरिया ने बताया कि गत दिनों वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाई के निरीक्षण के लिए गये तो गर्भवती महिला अर्चना की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्होंने महिला और उसके परिजनों की काउंसलिंग की और उन्हें स्थिति की गंभीरता को समझाते हुए तत्काल उच्च स्तरीय उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय खण्डवा लाया गया।



जिला अस्पताल में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की टीम ने तुरंत उसका उपचार शुरू किया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. याचिका ने तत्काल सीजर करने का निर्णय लिया। डॉ. याचिका के साथ ही एनेस्थेटिक डॉ. दीक्षित व डॉ. अजेंद्र के अथक प्रयासों और सटीक उपचार से यह जटिल ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों की जान बचाने में सफलता मिली। पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद अर्चना और उसके नवजात शिशु को अस्पताल से शनिवार को डिस्चार्ज कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोनों को उनके गृह ग्राम ढेमरिया तक पहुँचाने के लिए नि:शुल्क 108 एम्बुलेंस वाहन की व्यवस्था की गई। डिस्चार्ज होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिला स्तर से महिला और बच्चे के स्वास्थ्य का लगातार फॉलोअप लिया जा रहा है, ताकि जच्चा बच्चा पूरी तरह स्वस्थ रहें।

## एका मोबिलिटी ने पुणे प्लांट से 1,000वें एससीवी को हरी झंडी दिखाई



**पुणे, एजेंसी।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी, एका मोबिलिटी ने पुणे के चाकण स्थित अपने अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से 1,000वें स्मॉल कमर्शियल व्हीकल (एससीवी) के रोलआउट की घोषणा की है। यह मील का पत्थर एका मोबिलिटी के सफर में एक निर्णायक क्षण है और भारत के सतत और शून्य-उत्सर्जन वाले शहरी लॉजिस्टिक्स की ओर बढ़ने की दिशा में एक बड़ी छलांग का संकेत देता है। भारत सरकार की ऑटो पीएलआई योजना के तहत चैंपियन ओईएम, इस कंपनी को वीडीएल ग्रुप (नीदरलैंड्स), मित्सुई एंड कंपनी (जापान), एनआईआईएफ इंडिया-जापान फंड और इनाम होल्डिंग्स का समर्थन प्राप्त है। कंपनी का यह 1,000वां वाहन, एका 6स औपचारिक रूप से श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति ट्रस्ट को सौंपा गया। यह ट्रस्ट पुणे की सबसे प्रतिष्ठित धर्मार्थ संस्थाओं में से एक है, जो अपने व्यापक मानवीय और नागरिक कार्यों के लिए जानी जाती है। एका 6स भारत का पहला स्टीयरिंग-व्हील पैसेंजर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर है, जिसमें ड्राइवर + 6 यात्रियों के बैठने की क्षमता है। दगडूशेठ हलवाई गणपति ट्रस्ट इस एका 6स को अपनी सामुदायिक सेवा के कार्यों में लगाएगा, यह आस्था, सेवा और सतत प्रगति के अनूठे संगम का एक आदर्श प्रतीक है। जश्न के एक मुख्य आकर्षण के रूप में, जिसने इसमें एक अंतरराष्ट्रीय आयाम जोड़ दिया, एका मोबिलिटी ने भारत में नीदरलैंड साम्राज्य की माननीय राजदूत, महामहिम मारिसा जेरार्ड्स को अपना एका 3स इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर सौंपा। यह मील का पत्थर एका मोबिलिटी की बढ़ती वैश्विक साझेदारियों को दर्शाता है और हरित व सतत शहरी परिवहन की ओर बदलाव को गति देने के भारत और नीदरलैंड के साझा दृष्टिकोण को प्रकट करता है। नीदरलैंड लंबे समय से सतत परिवहन नीतियों में एक वैश्विक अग्रणी रहा है और यह एका मोबिलिटी के रणनीतिक साझेदार वीडीएल ग्रुप का गृह देश भी है।

### कांग्रेस का सोशल मीडिया वारियर्स मिशन शुरू

## इन्फ्लुएंसर्स से लेकर कंटेंट क्रिएटर्स तक को जोड़ेगी पार्टी



खरगोन ■ निसं

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी मौजूदगी मजबूत करने और युवाओं को संगठन की विचारधारा से जोडऩे के उद्देश्य से सोशल मीडिया वारियर्स अभियान की शुरुआत कर दी है। रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय से अभियान का शुभारंभ किया गया। यहां जिला कांग्रेस महासचिव जितेंद्र भावसार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष सोशल मीडिया धर्मेंद्र कुशवाह, विधानसभा अध्यक्ष विनय राठौड़, मंडलम अध्यक्ष अरविंद चौधरी, तन्मय कुशवाह ने अभियान विस्तृत रूपरेखा साझा की। पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय युवाओं, इन्फ्लुएंसर्स, रचनात्मक पेशेवरों और जागरूक नागरिकों को पार्टी की विचारधारा और गतिविधियों से जोडऩे का प्रयास किया जाएगा। सोशल मीडिया वारियर्स का चयन प्रदेश, जिला और विधानसभा स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक आवेदक 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 20 से 23 जून के बीच साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे और 30 जून को चयनित सोशल मीडिया वारियर्स की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

### औद्योगिक क्षेत्र मोहासा में श्रम विभाग की कार्रवाई

## 8 श्रमिकों को दिलाया गया 42 हजार 190 रुपये का भुगतान

नर्मदापुरम ■ निसं

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार प्रवासी श्रमिकों की जानकारी प्रवासी पोर्टल पर दर्ज किए जाने हेतु औद्योगिक क्षेत्र मोहासा में श्रम विभाग द्वारा निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। इस दौरान श्रम निरीक्षक सरिता साहू द्वारा निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से उन्हें प्राप्त होने वाली मजदूरी के संबंध में जानकारी ली गई। श्रमिकों द्वारा बताया गया कि उन्हें प्रतिदिन 370 रुपये मजदूरी प्राप्त हो रही है तथा वे पेटी ठेकेदार दिनेश जाट निवासी अलवर, राजस्थान के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। इस पर श्रम निरीक्षक द्वारा पेटी ठेकेदार को निर्माण स्थल पर बुलाकर श्रमिकों को कम भुगतान किए जाने के संबंध में पूछताछ की गई।



इसके पश्चात मुख्य ठेकेदार सिंघानिया इंफ्रा से भुगतान संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। ठेकेदार द्वारा बताया गया कि पेटी ठेकेदार को श्रमिकों के भुगतान हेतु 480 रुपये प्रतिदिन की दर से राशि उपलब्ध कराई जा रही थी। जांच में यह पाया गया कि पेटी ठेकेदार दिनेश जाट द्वारा श्रमिकों को निर्धारित राशि से कम वेतन का भुगतान किया जा रहा था। प्रकरण में कार्रवाई करते हुए श्रमिकों को न्यूनतम वेतन से कम प्राप्त अंतर राशि एवं ओवरटाइम का भुगतान कराया गया। कुल 08 श्रमिकों को 42 हजार 190 रुपये की राशि दिलाई गई। श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू द्वारा संबंधित ठेकेदार को

## संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल को मिला व्यापक समर्थन

**खरगोन।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में कार्यरत संविदा स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल छंठे दिन भी जारी रही। सीएमएचओ कार्यालय परिसर में धरनारत कर्मचारियों को रविवार समाज के विभिन्न वर्गों और




नागरिकों से व्यापक लिखित एवं भौतिक समर्थन मिलना शुरू हो गया है।संगठन प्रमुख ममता हिरवे ने बताया कि आम नागरिक, वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन और मानवाधिकार सुरक्षा संघ की टीम ने संविदा हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन दिया है।वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के प्रांत प्रमुख एवं जिला अध्यक्ष तथा मानवाधिकार सुरक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. राधेश्याम पाटीदार ने हड़ताली कर्मचारियों से मुलाकात कर समर्थन व्यक्त किया। उनके साथ मध्य प्रदेश विद्युत पेंशनर्स हित संघ के जिला अध्यक्ष पीएल कुशवाह, सचिव रमेश मंडलोई, चिकित्सा संयोजक डॉ. विष्णु प्रसाद शर्मा, मीडिया प्रभारी विनोद सिंह और जिला संयोजक आरके कानूनगो भी मौजूद रहे। इंजी. पाटीदार ने संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि वर्षों से लंबित इन मांगों पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य हो सकें। जिलाध्यक्ष हिरवे ने बताया इस व्यापक समर्थन से हड़ताली कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है, जो अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकजुट होकर आंदोलन कर रहे हैं। यह समर्थन उनके संघर्ष को और बल प्रदान करेगा।

### पुलिस थाना सेंधवा ग्रामीण जिला बडवानी

# अवैध शराब के विरूध्द थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस चौकी चाचरिया की बडी कार्रवाई 42 पेटी देशी/विदेशी शराब जप्त

बडवानी ■ निसं

बडवानी पुलिस अधीक्षक बडवानी पदमविचोलन शुक्ल ने जिले भर मे अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, जुआ सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियो के विरूध्द विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अवैध गतिविधियो पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये है।

इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर एवं एसडीओपी सेधवा अजय वाघमारे के मार्गदर्शन एवं थाना सेंधवा ग्रामीण औमप्रकाश चंगोडे के निर्देशन मे चौकी चाचरिया पुलिस ने अवैध रुप से घर मे रखी शराब पकडी।

कार्रवाई का विवरण- दिनांक 06/06/2026 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पाडछा नवाड फलिया के जालम पिता सरदार के मकान मे उसके रिश्तेदार नानसिग पिता कुवरसिग ने भारी मात्रा मे अवैध शराब का भंडारण किया हुआ है। सूचना की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी सेंधवा ग्रामीण के मार्गदर्शन मे चोकी प्रभारी चाचरिया सउनि केशव यादव पुलिस टीम के साथ कार्यवाही हेतु तत्काल मौके पर रवाना हुये।



पुलिस टीम व्दारा मूखबीर की सूचना पर मौके पर जाकर दबीश दी गई एक व्यक्ति मौके से पुलिस को देखकर अंधेरे का लाभ लेकर फरार हो गया पुलिस टीम व्दारा मकान की तलाशी लेने पर जालम के मकान के अंदर से पुलिस टीम व्दारा 32 पेटी गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब जिसकी मात्रा 288 बल्क लीटर एवं 10 पेटी देशी दुबारा प्लेन शराब मात्रा 90 लीटर कुल शऱाब मात्रा 378 लीटर किमती 2 लाख 54000 रूपये की पाई गई। मौके पर उक्त शराब को विधिवत जप्ती कार्यवाही की गई फरार आरोपीगण की तलाश करते नही मिले पुलिस टीम व्दारा थाना सेंधवा ग्रामीण पर आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया है।

विशेष भूमिका इस सफल कार्यवाही मे निम्न अधिकारियो एवं कर्मचारियो का विशेष योगदान रहा।

1 निरीक्षक ओमप्रकाश चंगोडे थाना प्रभारी सेंधवा ग्रामीण, 2 सउनि केशव यादव चोकी प्रभारी चाचरिया सेंधवा ग्रामीण, 3 सउनि राकेश मंडलोई चोकी चाचरिया थाना सेंधवा ग्रामीण, 4 प्रआर 58 सुनिल महाजन चोकी चाचरिया थाना सेंधवा ग्रामीण, 5 आरक्षक 664 सचिन बुंदेला चोकी चाचरिया थाना सेंधवा ग्रामीण, 6 प्रआर रामकिशोर प्रजापति थाना सेंधवा ग्रामीण, 7 आरक्षक 372 लोकेश मंडलोई चोकी चाचरिया थाना सेंधवा ग्रामीण, 8 आरक्षक 160 निरज शर्मा चोकी चाचरिया थाना सेंधवा ग्रामीण, 9 आरक्षक 554 पंकज पुरोहित थाना सेंधवा ग्रामीण, 10 आरक्षक विनोद पाटीदार थाना सेंधवा ग्रामीण, 11 महिला आरक्षक 562 सुरभि थाना सेंधवा ग्रामीण

## अपार' आईडी में विद्यार्थियों के सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल रूप में रहेंगे सुरक्षित

**खंडवा।** प्रदेश के सभी विद्यार्थियों का शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित और एक ही जगह पर उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में 'अपार' आईडी तैयार करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी बनाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही प्रदेश की समस्त स्कूलों में प्रत्येक शनिवार को 'मेगा अपार दिवस' का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार देश भर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत शत प्रतिशत विद्यार्थियों की 'अपार' आईडी अर्थात *ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री* तैयार करने का कार्य 30 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। प्रदेश में अब तक लगभग 93 लाख 97 हज़ार विद्यार्थियों की अपार आईडी बन चुकी है तथा शेष 44 लाख 47 हज़ार विद्यार्थियों की अपार आईडी आगामी 30 जून तक तैयार की जाना है, क्योंकि प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के लगभग 1.38 करोड़ विद्यार्थी नामांकित हैं। प्रदेश की सभी स्कूलों में 30 जून तक हर शनिवार को 'मेगा अपार दिवस' मनाया जाएगा।

अपार आईडी किसी भी विद्यार्थी के लिए जीवन भर की डिजीटल शैक्षणिक पहचान होती है। इसमें विद्यार्थी के सभी शैक्षणिक रिकॉर्डस एक जगह सुरक्षित रहते हैं। यह एक डिजीटल और पेपरलेस रिकार्ड सिस्टम है। अपार आईडी, छात्रवृति, प्रवेश एवं सरकारी योजनाओं में सहायक होने के साथ ही कहीं भी कभी भी उपयोगी होगी है। विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्मित करवाने के लिए आयुक्त लोक शिक्षण और संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने मई माह में संयुक्त हस्ताक्षर से सभी जिला कलेक्टर्स को पत्र प्रेषित किया था।

## अनमोल वचन

उर्दू लिखने के लिये देवनागरी अपनाने से उर्दू उत्कर्ष को प्राप्त होगी।

**खुशवन्त सिंह**

सपने पूरे होंगे लेकिन आप सपने देखना शुरू तो करें।

**अब्दुल कलाम**

## सम्पादकीय

# कॉकरोच का जंतर मंतर में प्रदर्शन अरुण जेटली और सीजेआई संयोग?

*संसद में जब विपक्षी दल सरकार पर नोटबंदी को लेकर विरोध जता रहे थे उस समय पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था जनता को यदि परेशानी होती तो वह सड़कों पर होती। जनता को नोटबंदी से कोई परेशानी नहीं है, विपक्षियों को नुकसान हुआ है इसलिए वह विरोध जता रहे हैं। कुछ समय पहले मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत जी ने बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच की पहचान से नवाजा था। इसके विरोध में सारे युवा एकजुट हो रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार शिक्षा, रोजगार, नौकरी और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दे पा रही है। स्नातक और पर परास्नातक की डिग्री लेने के बाद भी युवा बेरोजगार होकर यहां से वहां घूम रहे हैं। नीट जैसी परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। हर परीक्षा में धांधली हो रही है। ऐसी स्थिति में युवाओं के बारे में जो टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने की उसने युवा कॉकरोच को सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है। रही सही कसर नीट परीक्षा का पेपर लीक होना तथा सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में जिस तरह की गड़बड़ी हुई है उसमें जो भ्रष्टाचार हुआ है उसको लेकर लाखों छात्र और उनके परिवारजन सड़कों पर आने के लिए विवश हुए हैं।6 जून काकरोचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन साबित होने जा रहा है। जब अमेरिका से आकर दीपक अभीजीते के नेतृत्व में हजारों लोगों की भीड़ जंतर मंतर पर पहुंच गई। यह भीड़ अपनी लड़ाई अब स्वंय लड़ने के लिए देश भर में इकट्ठी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से सरकार असंवेदनशील होती चली जा रही है। जन आंदोलनो को सख्ती के साथ दबाया जा रहा है। किसान आंदोलन से लेकर अभी तक जितने भी आंदोलन हुए हैं, सरकार ने आंदोलनो को दबाने के लिए पुलिस का सहारा समय-समय पर लिया है। लाठी चार्ज, वाटर कैनिंग, आंसू गैस के गोले इत्यादि का प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ दिया जाता है, लेकिन उनके द्वारा जिन समस्याओं को लेकर आंदोलन किए जा रहे थे उन पर केंद्र एवं राज्य सरकारें कोई निर्णय नहीं लेती हैं। अब पानी सर के ऊपर से गुजर चुका है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाजारवाद, कर्ज ऐसे मामले हो गए हैं जिनसे सबसे ज्यादा परेशान युवा वर्ग है। पढ़ाई करने के बाद भी उसे कोई रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है। जो प्रतियोगी अथवा चयन के लिए परीक्षाएं हो रही हैं उन सब में पेपर लीक हो रहे हैं। पिछले दरवाजे से नौकरियां दी जा रही हैं। सारी व्यवस्था सत्ता में बैठे हुए लोगों के हाथ में केंद्रित हो गई है। करोड़ों युवा यहां से वहाँ भाग रहे हैं। ना तो उन्हें कोई काम मिल रहा है ना सरकारी नौकरी मिल रही है और ना ही संविदा नौकरी ही मिल रही है, उल्टे हर परीक्षा के नाम पर बेरोजगारों को लूटा जा रहा है। इससे अब युवा वर्ग नाराज होकर सड़कों पर आ गया है। शासन-प्रशासन और न्यायालय से वह पूरी तरह से निराश हो चुका है। शासन-प्रशासन और न्यायालय, सरकार और पूंजीपतियों के दबाव में काम कर रही हैं, जिसके कारण युवा वर्ग इस समय आक्रोशित है। रही सही कसर चुनाव आयोग ने पूरी कर दी। एसआईआर को लेकर जिस तरह से युवा मतदाताओं को परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा है, उन्हें अब यह भी शक होने लगा है कि वह भारत के नागरिक हैं या नहीं। ऐसी स्थिति में अब उसका सड़कों पर उतरना तथा अपने जीवन की आर- पार की लड़ाई लड़ने का जैसे उसे एक लक्ष्य मिल गया है। युवा जिस तरह से आक्रोशित हैं उनका आक्रोश जायज है। जब वह परिवार में जाते हैं तो मां-बाप और परिवारजन उनकी बेरोजगारी को लेकर ताना कसते हैं।30-35 साल की उम्र हो जाने के बाद भी उनकी शादी नहीं हो पा रही है। शादी नहीं होने का कारण बेरोजगारी है। सरकारी पद करोड़ों की संख्या में खाली पड़े हुए हैं। लोग सेवानिवृत होते जा रहे हैं। सरकारी पदों पर लगातार कटौती की जा रही है। कानून बदल दिए गए हैं। अब ठेके पर संविदा नौकरी दी जा रही है उसमें अधिकतम 12000 से 20000 तक मिल रहे हैं। यह नौकरी कभी भी छूट जाती है, जिसके कारण लड़के और लड़कियां शादी के बंधन में बंधना नहीं चाहते हैं। जब इतनी सारी समस्या हो तब केंद्र सरकार, राज्य सरकार और सुप्रीम कोर्ट जैसे सबसे ऊंचे पद पर बैठे हुए लोग युवाओं की अनदेखी करें ऐसी स्थिति में युवाओं को सड़कों पर उतरने के अलावा कोई चारा भी नहीं है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना होगा। ऐसा क्यों हो रहा है, भारत सबसे बड़ा युवा आबादी वाला देश है। चीन जैसा देश जो कभी आबादी में सबसे बड़ा होता था उसने पिछले 30 वर्षों में जो विकास किया है उसने सारी दुनिया को चौंका दिया है। आज चीन निर्माण, रिसर्च और तकनीकी के क्षेत्र में सबसे आगे है और वह एक महाशक्ति बनने की कगार पर आकर खड़ा हो गया है। जिस तरह से चीन अमेरिका और रूस के मुकाबले आर्थिक और सामरिक संसाधनों से युक्त होते हुए उनके सामने खड़ा है। यह चीन की बड़ी सफलता है, लेकिन भारत इन्हीं 30 वर्षों में किस तरीके से चीन के ऊपर निर्भर होता चला गया है, हमने अपनी युवा पीढ़ी को सही दिशा देने में निश्चित रूप से कोई कोताही बरती है जिसके कारण पिछले 30 वर्षों में चीन के मुकाबले भारत तेजी के साथ बिछड़ना जा रहा है और आज हमारी सबसे बड़ी शक्ति जो युवा पीढ़ी के रूप में हमारे साथ है। वह आज सरकार, शासन-प्रशासन और पूंजीवाद के विरोध में सड़कों पर आने के लिए विवश हो गई है। सरकार इस गंभीर मामले को हल्के मे ले रही है। उसके कारण यह चिंता बढ़ना स्वाभाविक है कि आने वाला भविष्य भारत का किस तरह का होगा। युवा पीढ़ी के सामने अपना पूरा भविष्य पड़ा हुआ है यदि वही युवा आज अंधेरे में हाथ पैर मार रहा है। ऐसी स्थिति में स्थिति काफी चिंतनीय हो गई है। न्यायपालिका भी इस समय सरकार के दबाव में है। युवाओं का विश्वास न्यायपालिका से खत्म होता हुआ दिख रहा है यह स्थिति और भी चिंता को बढ़ा देती है। सही मायने में मुख्य न्यायाधीश ने युवाओं को कॉकरोच कहकर एक बड़े वर्ग में जो हलचल पैदा की है वह समुद्र मंथन की तरह है। अब इस मंथन से क्या निकाल कर आता है यह समय तय करेगा।*

## चिंतन-मनन

### मृत्यु के उपरांत शरीर नष्ट हो जाता है

*अष्टावप्र गीता में आचार्य अष्टावक्र कहते हैं कि मनुष्य शरीर मात्र शरीर नहीं है। वह चैतन्य आत्मा है। आत्मा ही इस शरीर की पोषक है। जैसे ही आत्मा इस शरीर से बाहर निकलती है, शरीर विकृत होने लगता है। बुद्धि, कर्म, भोग, अहंकार, लोभ, मोह शरीर और मन के धर्म हैं, आत्मा के नहीं। आत्मज्ञान के अभाव में ऐसी भ्रांति हुआ करती है कि मैं एक शरीर हूं, आत्मा नहीं। यही तो अज्ञान है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश इन पांच तत्वों से मिलकर शरीर बनता है, जो भौतिक, अनित्य और नष्ट होने वाला है। मृत्यु के उपरांत शरीर नष्ट हो जाता है, पर हम शरीर के नष्ट हो जाने के बाद भी अगली यात्र पर निकल जाते हैं। जैसे पुराने वस्त्रों को छोड़कर नया वस्त्र धारण कर लेते हैं। यह शरीर हमारा वस्त्र मात्र है, जो भौतिक पदार्थों से मिलकर बना है। हम सब घर नहीं, बल्कि इसमें रहने वाले मालिक हैं। हम बार-बार यह कहते हैं कि हम शरीर नहीं आत्मा हैं, जो चैतन्य है। आत्मा का कोई वर्ण नहीं होता, वह ब्राण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नहीं होती। वह तो चैतन्य-शर्क्ति मात्र है, जो समस्त प्रकार के जीवों में समान रूप से व्याप्त है। यह आत्मा न किसी वर्ण वाली है और न आश्रम वाली है। आत्मा की न कोई जाति होती है और न ही कोई धर्म होता है। ये चार आश्रम-ब्राचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास वाली भी नहीं है। आत्मा न कर्ता है और न भोक्ति है और न ही भोग्य विषय है। इन तीनों से परे असंग, निराकार और साक्षी मात्र है। 1कुछ लोग कहते हैं कि यह घोर कलयुग है, यह पंचम काल है। इसमें तो मुक्ति हो ही नहीं सकती। इस संदर्भ में आचार्य अष्टावप्र कहते हैं कि तुम अपने को चैतन्य में स्थिर कर लो तो अभी मुक्ति को प्राप्त हो सकते हो।*

# विश्व शांति के लिए बढ़ता खतरा और संयम की आवश्यकता



कांतिलाल मांडोत

*हाल ही में अमेरिका द्वारा ईरान के रडार और ड्रोन ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई ने तनाव को और बढ़ा दिया है। अमेरिका का कहना है कि यह कदम अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है। दूसरी ओर ईरान ने इस कार्रवाई को उकसावे की नीति बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इसके जवाब में कुवैत की दिशा में मिसाइलें दागे जाने की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र में भय और अनिश्चितता का माहौल पैदा कर दिया है। यद्यपि विभिन्न पक्ष अपने-अपने तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं।*

मध्य पूर्व एक बार फिर अशांति और संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया की शांति, सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच जिस प्रकार सैन्य गतिविधियां बढ़ी हैं, उससे यह आशंका गहरा गई है कि यदि समय रहते स्थिति को नियंत्रित नहीं किया गया तो इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर दिखाई देगा। ऐसे समय में जब दुनिया पहले से ही अनेक आर्थिक, राजनीतिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है, तब किसी नए बड़े संघर्ष की संभावना मानवता के लिए चिंता का विषय है।

हाल ही में अमेरिका द्वारा ईरान के रडार और ड्रोन ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई ने तनाव को और बढ़ा दिया है। अमेरिका का कहना है कि यह कदम अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है। दूसरी ओर ईरान ने इस कार्रवाई को उकसावे की नीति बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इसके जवाब में कुवैत की दिशा में मिसाइलें दागे जाने की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र में भय और अनिश्चितता का माहौल पैदा कर दिया है। यद्यपि विभिन्न पक्ष अपने-अपने तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि सैन्य कार्रवाई किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकती।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लोगों से शांत रहने की अपील करते हुए कहा है कि अंततः सब ठीक हो जाएगा और ईरान वास्तव में समझौता करना चाहता है। यह बयान कुछ हद तक आशा जगाता है, किंतु इसके साथ ही सैन्य हमलों का जारी रहना विरोधाभासी स्थिति उत्पन्न करता है। यदि वास्तव में बातचीत और समझौते की संभावना मौजूद है तो फिर सैन्य दबाव बढ़ाने की रणनीति शांति प्रक्रिया को कमजोर कर सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी संवाद के स्थान पर हथियारों को प्राथमिकता दी गई है, तब संघर्ष और अधिक जटिल हुआ है।

ईरान ने भी अमेरिका के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ताओं को रोकने का संकेत देकर स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव की राजनीति स्वीकार करने को तैयार नहीं है। ईरानी नेतृत्व का मानना है कि लगातार सैन्य कार्रवाई और प्रतिबंधों के बीच सार्थक वार्ता संभव नहीं है। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच अविश्वास की खाई लगातार गहरी होती जा रही है। किसी भी समझौते की सफलता के लिए परस्पर विश्वास आवश्यक होता है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यह विश्वास कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है।

इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य है। यह समुद्री मार्ग विश्व के ऊर्जा व्यापार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। दुनिया के बड़े हिस्से में उपयोग होने वाला तेल इसी मार्ग से होकर गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है या समुद्री यातायात बाधित होता है तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ेगा। तेल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन, उद्योग और व्यापार प्रभावित होंगे, जिसका असर आम लोगों तक पहुंचेगा। विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर इसका विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

जापान, यूरोपीय संघ और सऊदी अरब जैसे देशों द्वारा शांति और संयम की अपील किया जाना इस बात का प्रमाण है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस स्थिति को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त कर रहा है। जापान ने विशेष रूप से संवाद और समझौते का रास्ता अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। यूरोपीय देशों का भी मानना है कि सैन्य कार्रवाई के बजाय कूटनीतिक प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सऊदी अरब ने क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। इन प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है कि दुनिया का अधिकांश हिस्सा युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है।

आज के वैश्विक युग में किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष का प्रभाव सीमित नहीं रहता। एक देश में पैदा हुई अस्थिरता दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और सामाजिक जीवन को प्रभावित करती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान दुनिया ने देखा कि कैसे एक क्षेत्रीय संघर्ष ने खाद्यान्न, ऊर्जा और व्यापार व्यवस्था को प्रभावित किया। यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और बढ़ता है तो उसके परिणाम भी व्यापक और दूरगामी हो सकते हैं। इसलिए यह केवल मध्य पूर्व का मामला नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया की चिंता का विषय है।

संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका भी इस समय अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। इन संस्थाओं का उद्देश्य ही वैश्विक शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। उन्हें दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कराने और तनाव कम करने के लिए सक्रिय पहल करनी चाहिए। विश्व समुदाय को भी निष्पक्ष और रचनात्मक भूमिका निभानी होगी ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या उकसावे की स्थिति को रोका जा सके।

यह भी आवश्यक है कि दोनों देशों के नेतृत्व दूरदर्शिता और धैर्य का परिचय दें। भावनात्मक प्रतिक्रियाएं और शक्ति प्रदर्शन अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दे सकते हैं, लेकिन दीर्घकाल में वे विनाशकारी सिद्ध होते हैं। युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ता है। हजारों परिवार उजड़ जाते हैं, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं और विकास की गति वर्षों पीछे चली जाती है। इसलिए किसी भी जिम्मेदार नेतृत्व का पहला कर्तव्य शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देना होना चाहिए।

मानव इतिहास ने यह सिखाया है कि युद्ध कभी भी अंतिम समाधान नहीं होता। अंततः हर संघर्ष का समाधान बातचीत की मेज पर ही खोजा जाता है। यदि ऐसा है तो फिर अनावश्यक सैन्य टकराव और शक्ति प्रदर्शन से बचना ही बुद्धिमानी है। अमेरिका और ईरान दोनों प्रभावशाली राष्ट्र हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे वैश्विक जिम्मेदारी का परिचय दें और ऐसे कदम उठाएं जो तनाव कम करने में सहायक हों।

आज आवश्यकता इस बात की है कि दोनों देश संवाद, विश्वास और सहयोग का मार्ग अपनाएं। विश्व शांति केवल एक आदर्श नहीं बल्कि मानव सभ्यता की आवश्यकता है। यदि शांति बनी रहेगी तभी विकास, समृद्धि और स्थिरता संभव होगी। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है कि संघर्ष का रास्ता अंततः विनाश की ओर ले जाता है, जबकि संवाद और समझौता ही स्थायी समाधान प्रदान करते हैं। विश्व समुदाय की यही अपेक्षा है कि दोनों देश संयम बरतें, शांति बनाए रखें और मानवता के हित में ऐसे निर्णय लें जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्थिर भविष्य सुनिश्चित कर सकें।

# अमेरिकन व्हाइट-कॉलर वर्कर जॉब्स एक्ट 2026



किशन सनमुखदास भावनानी

*उच्च वेतन आधारित चयन प्रणाली की वकालत, वीजाआवेदनों की कड़ी जांच, रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड प्रक्रिया में बाधाएं, विदेशी श्रमिकों की भर्ती पर बढ़ती निगरानी, अमेरिकी कर्मचारियों को प्राथमिकता देने वाली नीतियां तथा विदेशी छात्रों के लिए उपलब्ध अवसरों को सीमित करने जैसे अनेक कदम इस व्यापक नीति परिवर्तन का हिस्सा माने जा रहे हैं। इसी क्रम में टेक्सास से रिपब्लिकन सांसद द्वारा अमेरिकी संसद में प्रस्तुत अमेरिकन व्हाइट-कॉलर वर्कर जॉब्स एक्ट 2026 ने वैश्विक स्तर पर बहस छेड़ दी है।*

- एच-1बी वीजा से ग्रीन कार्ड का रास्ता बंद करने की कवायद, भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए नई चुनौती? अमेरिकन व्हाइट-कॉलर वर्कर जॉब्स एक्ट 2026 और भारत की वैश्विक रणनीति: क्या भारत पहले से कर रहा है संभावित झटके की तैयारी? भारतीय मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, सेमीकंडक्टर मिशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण तथा वैश्विक सप्लाई चेन से भारतीय प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास वैश्विक प्रतिभा, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और आर्थिक राष्ट्रवाद के बीच अमेरिका की आव्रजन नीति एक नए निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। राष्ट्रपति ट्रम्प के सत्ता में लौटने के बाद अमेरिकीप्रशासन ने कानूनी आव्रजन कार्यक्रमों, विशेषकर एच-1बी वीजा प्रणाली, पर लगातार सख्ती का रुख अपनाया है। यदि यह विधेयक कानून का रूप लेता है तो एच-1बी वीजा धारकों के लिए ग्रीन कार्ड प्राप्त करने का मार्ग अत्यंत कठिन हो जाएगा, वीजा अवधि घट सकती है, ओपीटी कार्यक्रम समाप्त हो सकता है और अमेरिका में कार्यरत लगभग 12 लाख भारतीय मूल के पेशेवरों तथा उनके परिवारों के भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। यह केवल एक आव्रजन सुधार प्रस्ताव नहीं, बल्कि अमेरिका की बदलती आर्थिक, राजनीतिक और श्रम नीति का प्रतीक माना जा रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्ि एच-1बी वीजा पिछले कई दशकों से अमेरिका की तकनीकी और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से अमेरिकी कंपनियां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में उच्च कौशल वाले विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करती हैं। विशेष रूप से भारतीय आईटी पेशेवरों ने इस कार्यक्रम का सबसे अधिक लाभ उठाया है।विश्व की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों में कार्यरत हजारों भारतीय इंजीनियर, सॉफ्टवेयर डेवलपर, डेटा वैज्ञानिक और अनुसंधान विशेषज्ञ एच-1बी वीजा के माध्यम से अमेरिका पहुंचे हैं। यही कारण है कि एच-1बी वीजा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन भारत के तकनीकी समुदाय और छात्रों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण विषय बन जाता है।

साथियों वैश्विक भू-राजनीति, आर्थिक राष्ट्रवाद और प्रतिभा आधारित प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित अमेरिकन व्हाइट-कॉलर वर्कर जॉब्स एक्ट 2026 केवल एक आव्रजन सुधार विधेयक नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे वैश्विक प्रतिभा प्रवाह, तकनीकी सहयोग और अंतरराष्ट्रीय श्रम बाजार के पुनर्गठन के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है। विशेष रूप से भारत के संदर्भ में यह विधेयक अत्यंत महत्वपूर्ण है,क्योंकि एच- 1बी वीजा प्रणाली के सबसे बड़े लाभार्थियों में भारतीय पेशेवर शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपनाई गई अमेरिका फर्स्ट नीति, कानूनी और अवैध दोनों प्रकार के आव्रजन पर सख्ती,एच-1बी वीजानियमों की समीक्षा तथा अमेरिकी नौकरियों को प्राथमिकता देने की रणनीति ने भारत को यह संकेत पहले ही दे दिया था कि भविष्य में अमेरिकी श्रम बाजार भारतीय पेशेवरों के लिए पहले जैसा खुला नहीं रह सकता। यही कारण है कि भारत समानांतर रूप से अपने आर्थिक, व्यापारिक और रणनीतिक विकल्पों को मजबूत करने में जुटा हुआ दिखाई देता है।

साथियों, रिपब्लिकन सांसद का तर्क है कि लगभग चार दशकों के इतिहास में एच-1बी कार्यक्रम का व्यापक दुरुपयोग हुआ है। उनके अनुसार अमेरिकी नियोक्ताओं ने कम वेतन पर विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त कर अमेरिकी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्र के कर्मचारियों के अवसरों को सीमित किया है। उनका दावा है कि कंपनियों ने कर्मचारियों की कथित कमी का हवाला देकर सस्ते विदेशी श्रमिकों को प्राथमिकता दी जबकि अनेक अमेरिकी नागरिक रोजगार और वेतन संबंधी चुनौतियों का सामना करते रहे। इसी सोच के आधार पर उन्होंने अमेरिकन व्हाइट- कॉलर वर्कर जॉब्स एक्ट प्रस्तुत किया है, जिसका घोषित उद्देश्य अमेरिकी व्हाइट-कॉलर कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना है।इस विधेयक का सबसे विवादास्पद प्रावधान एच-1बी वीजा से ग्रीन कार्ड तक पहुंचने के रास्ते को समाप्त करने की दिशा में उठाया गया कदम है। वर्तमान व्यवस्था में एच-1बी धारक अमेरिका में कार्य करते हुए रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। यही कारण है कि लाखों विदेशी पेशेवर अमेरिका में दीर्घकालिक करियर और पारिवारिक भविष्य की योजना बनाते हैं। प्रस्तावित कानून इस अवधारणा को बदलना चाहता है। इसके अनुसार एच-1बी वीजा केवल अस्थायी कार्य वीजा रहेगा और इसे स्थायी निवास प्राप्त करने के साधन के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इससे अमेरिका में बसने की आकांक्षा रखने वाले लाखों लोगों की योजनाओं पर सटीकता से गहरा प्रभाव पड़ सकता है। साथियों, विधेयक का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू ड्यूल इंटेंट सिद्धांत को कमजोर करना है।वर्तमान प्रणाली में एच -1बी धारक अमेरिका में अस्थायी रूप से काम करते हुए भविष्य में स्थायी निवास के लिए आवेदन कर सकते हैं। लेकिन प्रस्तावित व्यवस्था में आवेदक को यह साबित करना होगा कि उसका स्थायी निवास अमेरिका के बाहर है और वह अंततः अपने देश लौटने का इरादा रखता है। यह परिवर्तन अमेरिकी आव्रजन दर्शन में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है, क्योंकि इससे एच-1बी वीजा का स्वरूप मूलतः अस्थायी रोजगार कार्यक्रम तकसीमित हो जाएगा।

## जब बाड़ ही खेत खाने लगे ....

*चैतन्य भट्ट*

*कानून व्यवस्था बनाए रखने और भृष्टाचार निवारण हेतु जिम्मेदार दो सरकारी संस्थानों से जुड़ी खबरें सुर्खियों में हैं। दुखद यह है कि ख़बरें इनकी कार्यकुशलता को लेकर नहीं बल्कि इनकी छवि को दागदार बनाने से संबंधित हैं। भोपाल में मॉडल और एक्ट्रेस त्विशा शर्मा की बहुचर्चित संदिग्ध मौत के मामले में भोपाल पुलिस की कार्यप्रणाली शुरु से ही ढुलमुल और लापरवाही भरी रही। मामले को आत्महत्या बताने की जल्दबाजी में मृतका के शरीर पर मौत से पहले के 7 गंभीर घाव/चोटों को नजरअंदाज करने जैसे गंभीर आरोपों की हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान भी पुष्टि हुई और सरकार को केस सीबीआई को ट्रांसफर करना पड़ा। सीबीआई को बेतरतीब और आधी-अधूरी केस डायरी सौंपी गई उसमें घटनाक्रम का कोई निश्चित क्रम दर्ज नहीं था। एम्स के डॉक्टरों के पैनल के सामने पोस्टमार्टम के समय घटना में इस्तेमाल किया गया फंदा पेश न करने जैसी बड़ी प्रक्रियात्मक चूक भी हुई। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी पति समर्थ सिंह और सास गिरीबाला सिंह, जो रिटायर्ड जज हैं, के रसूख के कारण भोपाल पुलिस ने शुरुआती कार्रवाई नहीं की और आरोपियों को साक्ष्य प्रभावित करने का मौका मिला। दूसरे घटनाक्रम में एक प्रतिष्ठित अखबार के स्टिंग ऑपरेशन में शीर्ष भ्रष्टाचार निरोधक संस्था लोकायुक्त के तकनीशियन, हेड कांस्टेबल यहां तक कि डीएसपी स्तर के अधिकारी रिश्वत लेकर ट्रैप केस और जांच रिपोर्ट्स को कमजोर करते कैमरे में पकड़े गए। लोकायुक्त संगठन के भीतर ही घूस का यह नेटवर्क लाखों के बदले ट्रैप मामलों के आरोपियों को मामलों की ट्रांसक्रिप्ट और वॉयस सैंपल को मैनेज करने के लिए 3 से 5 लाख रुपए तक लेकर राहत दिलाने की डील कर रहा था। त्विशा शर्मा मामले में सरकार द्वारा खुद मामला सीबीआई को सौंपे जाने का प्रस्ताव पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है और इस तथ्य की परोक्ष स्वीकृति है कि पुलिस दबाव में काम करती है। दूसरे मामले में लोकायुक्त के शीर्ष नेतृत्व द्वारा फौरन एक्शन लेते हुए 2 डीएसपी को पद से हटाकर पुलिस मुख्यालय अटैच और अन्य 3 कर्मचारियों को सस्पेंड किया जाना भी परोक्ष स्वीकारोक्ति है कि सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इन बातों में दम है जांच एजेंसियां भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने के बजाय उन्हें क्लीन चिट देने का काम कर रही हैं। पुलिसिया व्यवस्था में जनता के घटते भरोसे को लेकर उठने वाले सवाल नये नहीं हैं। छतरपुर जिले में महज दो महीनों के भीतर हिरासत में 4 युवकों की संदिग्ध मौतें हुईं। परिजनों ने पुलिस हिरासत में मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए, जिसके बाद यह मामला मध्य प्रदेश हाईकोर्ट तक पहुंच गया। इंदौर में आपराधिक मुकदमों में कोर्ट में पेश किए जाने वाले गवाहों को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। विभिन्न थानों के सैंकड़ों मुकदमों में मात्र दो लोगों को ही गवाह बनाया गया था। समय पर गवाह पेश न करने पर कोर्ट में गंभीर सवाल उठते रहे हैं। रिश्वत और वसूली की खबरें जब तब सुर्खियां बनती हैं। पुलिस थानों और उच्चाधिकारियों के बीच तनाव की खबरें भी आती रहती हैं। नीमच और दतिया जिलों में हेड कांस्टेबल व एएसआई द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने जैसी दुखद घटनाओं ने विभाग के अंदर की स्थिति उजागर की है। जन आक्रोश भी मुखर होता दिखाई देता रहता है। खरगोन के चैनपुर और अन्य क्षेत्रों में संदिग्ध मौतों की सूचना के बाद पुलिस के मौके पर देरी से पहुंचने पर ग्रामीणों की नाराजगी सामने आई और कई जगह जनता ने पुलिस का विरोध किया। इन चुनौतियों के बीच पुलिस प्रशासन की छवि सुधारने और जन-संवाद बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं।*

## खास बात

### अब अमेरिका, भारत का फायदा उठाएगा?

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है। भारत ने कई दशकों तक अमेरिका का फायदा उठाया है। अब बारी अमेरिका की है। वह कई दशकों तक भारत का फायदा उठाएगा। समय बदलता है, समय के साथ सब चीज बदल जाती हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डोनाल्ड ट्रंप के दोस्त हैं। दोस्त के रहते फायदा नहीं उठाएंगे तो कब उठाएंगे। पहले अमेरिका साहूकार था, अमेरिका की नजर में भारत साहूकार है। भारत के लिए यह गर्व की बात है। वह अमेरिका का फायदा कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर गर्व होना स्वाभाविक है।

### सरकारी बांड लो, नहीं लगेगा टैक्स

समय की बलिहारी है। विदेशी निवेशक सरकारी बांड में निवेश करेंगे, तो उन्हें कैपिटल गैन टैक्स नहीं देना पड़ेगा। देसी निवेशक जो भी निवेश करेंगे, उन्हें कैपिटल टैक्स देना पड़ेगा। सरकार ने विदेशी निवेशकों को टैक्स मे छूट दी है। निश्चित रूप से गोरे और काले के बीच में कुछ तो फर्क करना ही होगा। मोदी सरकार का सारे विश्व में डंका बज रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार को विदेशी निवेश के लिए अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। विदेशी मुद्रा से भारत का खजाना जल्द ही लबालब हो जाएगा।

### महंगाई बढ़ेगी जीडीपी घटेगी?

केंद्र की सरकार को ठीकरा फोड़ने के लिए कोई ना कोई कारण मिल ही जाता है। नोटबंदी और जीएसटी के बाद ठीकरा, कोरोना पर फोड़ा गया था। अब सारी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। सरकार के भाग्य से पश्चिम एशिया के देशों में जो संकट चल रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच जो लड़ाई हो रही है। उससे कच्चे तेल, गैस और खाद के दाम बढ़ रहे हैं। भारत में महंगाई तेजी के साथ बढ़ रही है। पीडीपी की दर घट रही है। इसका ठीकरा सरकार ने अमेरिका-ईरान युद्ध पर फोड़ना शुरू कर दिया है। सरकार इसके अलावा क्या कर सकती है। सरकार के लिए एक नया सिर हमेशा तैयार रहता है। जिसके ऊपर ठीकरा सरकार फोड़ देती है।

### और लो राजा, खान सर पर हत्या का मुकदमा

बिहार में जो कुछ हो रहा है। उसको देखते हुए सभी हैरान हैं। खान सर की अकादमी में हमला किया गया था। हमले के बाद बिहार की पटना पुलिस ने खान सर के खिलाफ ही हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। उनका गार्ड पिटा, अस्पताल में भर्ती हुआ। अकादमी में गोलीबारी हुई, उन्हीं पर मुकदमा दर्ज हो गया। बहुत सरकार के खिलाफ बोलते थे। अब जेल में चुप रहना सीख लेंगे। अंधेर नगरी और चौपट राजा देखना है तो बिहार का हत्या का आरोपी मुख्यमंत्री है। वहां जाकर देखकर आ जाएं।

## राशिफल

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, द्वितीय ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, अष्टमी, सोमवासरे, पू.भा. नक्षत्रे, वि/प्री योगे, वालव करणे, कुंभ की चंद्रमा, रवि 35/25 व्यापार धान्य छेदन मुर्हूत तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्यमी, लेखापाल, व्यवसायी, उन्नतिशील, गुणवान, धनवान होगा।

**मेष राशि**- स्वभाव में आकस्मिक परिवर्तन से सफलता निश्चय ही मिलेगी।

**वृष राशि**- कार्य में सफलता मिले, मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, शत्रु कमजोर होगा।

**मिथुन राशि**- यह सप्ताह व मास उत्तम फलकारक है, अधिकारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि**- नौकरी में व्यवधान हो सकता है, व्यवसाय ठीक नहीं चलेगा, ध्यान रखें।

**सिंह राशि**- आप आनंद का अनुभव करेंगे, केतु ग्रह पीड़ा कारक है, आपसी मतभेद बने।

**कन्या राशि**- मनोरंजन से अति हर्ष होवे, व्यवसाय में लाभ होगा, रुका कार्य अवश्य होगा।

**तुला राशि**- पारिवारिक उत्तरदायित्व की वृद्धि होगी, आमोद-प्रमोद में विशेष ध्यान दें।

**वृश्चिक राशि**- मानसिक तनाव आकस्मिक बढ़ेगा, स्वजनों की सहानुभूति अवश्य होगी।

**धनु राशि**- व्यवसाय की उन्नति से आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार होगा।

**मकर राशि**- विलास सामग्री का संचय होगा, अधिकारी वर्ग की कृपा का लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशि**- इष्ट मित्रों से अच्छा सहयोग मिले, उत्तम लाभ के योग बनेंगे, ध्यान दें।

**मीन राशि**- गृह-कलह, हीन मनोवृत्ति, शारीरिक परेशानी अवश्य बनेगी, व्यवसाय उत्तम होगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**8 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.47 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कर्क | 08.00 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.16 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.28 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.39 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 16.54 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.10 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.15 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.01 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मीन | 00.34 बजे से |
| | | मेष | 02.05 बजे से |
| | | वृष | 03.45 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 159 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 03.24 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 09.10 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 09.28 बजे को समाप्त। **करण** बालव 15.31 बजे तदनन्तर कौलव 03.24 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 50'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872734
**जूलियन दिन** 2461199.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 22
**विशेष** अधिक कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# धर्मनगरी उज्जैन को मिलेगी नई पहचान, 220 करोड़ की लागत से स्थापित होगी भव्य श्रीकृष्ण मूर्ति

उज्जैन ■ निसं

जल्द ही भगवान श्रीकृष्ण की विराट स्वरूप मूर्ति के रूप में देश को एक नई पहचान देने जा रहा है। ह्यश्री महाकाल महालोकह्ल के बाद यहां एक और भव्य धार्मिक-पर्यटन परियोजना आकार लेने जा रही है। परियोजना, 220 करोड़ रुपये की है, जिससे उज्जैन विकास प्राधिकरण यूनिटी माल के पीछे शिप्रा नदी तट पर 151 फीट ऊंची भगवान श्रीकृष्ण की विराट स्वरूप धातु की मूर्ति स्थापित करेगा।

30 एकड़ क्षेत्र विकास की इस परियोजना में मूर्ति के साथ अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो, प्रोजेक्शन मैपिंग और विशाल हरित पर्यटन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। विशेष बात यह है कि मूर्ति का निर्माण सरदार वल्लभभाई पटेल की विश्व प्रसिद्ध 182 मीटर ऊंची प्रतिमा के शिल्पकार पद्मभूषण राम वनजी सुतार के पुत्र एवं ख्यात आर्किटेक्ट डा. अनिल राम सुतार करेंगे। लगभग 30 फीट ऊंचे पेडस्टल पर स्थापित होने वाली यह प्रतिमा भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को दर्शाएगी और इसके देश की सबसे बड़ी धातु निर्मित कृष्ण प्रतिमा बनने की संभावना जताई जा रही है। परियोजना को अंतिम स्वरूप देने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी सिलसिले में आर्किटेक्ट अनिल सुतार उज्जैन और विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी से मिले। बैठक में मूर्ति के स्वरूप, उसके धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व तथा पूरे परिसर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बताया गया कि प्रतिमा को ऐसा स्वरूप दिया जाएगा जो भगवान श्रीकृष्ण के विराट रूप, उनके दर्शन और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें।

उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन की श्रीकृष्ण पाथेय परियोजना में शामिल है जिसके तहत 81 करोड़ रुपये से मंगलनाथ रोड स्थित महर्षि सांदीपनि आश्रम और 120 करोड़ रुपये से महिदपुर के नारायणा धाम का विकास एवं सुंदरीकरण कार्य भी होना है।



## मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा प्रस्ताव

परियोजना का प्रारंभिक खाका और वित्तीय प्रस्ताव तैयार हो चुका है। करीब 220 करोड़ रुपये की इस योजना को अगले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन और निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना केवल एक प्रतिमा निर्माण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उज्जैन को धार्मिक पर्यटन के राष्ट्रीय मानचित्र पर नई ऊंचाई प्रदान करेगी। महाकाल लोक के बाद यह परियोजना शहर के लिए एक और बड़ा आकर्षण बन सकती है।

## स्टैच्यू आफ यूनिटी की तर्ज पर विकसित होगा परिसर

योजना के अनुसार यूनिटी माल के पीछे शिप्रा नदी क्षेत्र से लगी लगभग 30 एकड़ भूमि को एक विशेष धार्मिक-पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां हरित परिदृश्य, आकर्षक उद्यान, दर्शक दीर्घा, भ्रमण पथ और पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रतिमा परिसर में स्टैच्यू आफ यूनिटी की तर्ज पर अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो तथा प्रोजेक्शन मैपिंग का भी प्रावधान रखा गया है।

## इंदौर पुलिस के विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन

**इंदौर।** आगामी वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार, इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जिसके परिप्रेक्ष्य में डीआरपी लाइन इंदौर में 06 दिवसीय विशेष सिंहस्थ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति मे किया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा करते हुए सिंहस्थ महापर्व के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों एवं सावधानियों के बारे मे अवगत कराया गया।

इस दौरान पुलिस कमिश्नर सर द्वारा बताया कि सिंहस्थ विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। आयोजन में सुरक्षा, कानून व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन, आपदा प्रबंधन एवं जनसुविधाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल प्रशिक्षित होगा। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को श्रद्धालुओं के प्रति संवेदनशील एवं सेवा-भाव आधारित व्यवहार, संकट की स्थिति में त्वरित निर्णय क्षमता, तनाव प्रबंधन, जनसंपर्क कौशल तथा तकनीक आधारित आधुनिक पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराया गया।

### हरियाली पर चल रही कुल्हाड़ी, जहां रोपे जाने हैं पौधे वहां नजर आ रहे कटे पेड़ों के ठूंठ

# खातेगांव : मचवास एवं मनोरा के जंगलों पर लकड़ी माफियों का कब्जा

खातेगांव ■ निसं

खातेगांव वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मचवास एवं मनोरा के जंगल इन दिनों लकड़ी माफिया के कब्जे में नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में एक बार फिर बड़े पैमाने पर सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। जंगलों में कटे हुए पेड़ों के ठूंठ यह साबित कर रहे हैं कि वन संपदा पर लगातार हमला जारी है, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी कार्रवाई करने के बजाय मौन बने हुए हैं।

वन प्राणी अभिरक्षक जगदीश बिश्नोई एवं समाजसेवी किशन खिलेरी ने वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लकड़ी माफिया से सांठगांठ के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कटे हुए सागौन के पेड़ों के ठूंठों के फोटो और वीडियो सार्वजनिक करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषी वनकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

उनका कहना है कि वन परिक्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लकड़ी माफिया बेखौफ होकर सागौन के कीमती पेड़ों की कटाई कर रहे हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही पर्यावरण संतुलन पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वन विभाग की उदासीनता के कारण जंगलों में अवैध कटाई का सिलसिला लगातार जारी है।



## मशीन से सागौन के विशाल पेड़ काट दिए

मामला मचवास और मनोरा बीट का बताया जा रहा है, जहां सड़क किनारे से महज 100 मीटर की दूरी पर कटर मशीन की मदद से सागौन के विशाल पेड़ काट दिए गए। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी घटना की भनक तक वन विभाग को नहीं लगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी इन बीटों में सागौन कटाई के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई के अभाव में अवैध कटाई थमने का नाम नहीं ले रही है। मामले में वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## 5 दिन से लापता था इंजीनियर, अब मिली लाश

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के केसूनी मार्ग पर शनिवार दोपहर बिहार के एक इंजीनियर की लाश मिली है। इंजीनियर एक क्रेशर मशीन शिफ्टिंग के लिए यहां आया था और पिछले 5 दिनों से लापता था। पुलिस के मुताबिक प्रथमद्दष्टया मामला सडक हादसे का प्रतीत हो रहा है। पुलिस के मुताबिक सेठीनगर निवासी कुलदीप पंवार की पिपलोदा द्वारकाधीश में क्रेशर स्टोन खदान है। खदान में लगी मशीन को शिफ्ट करने के लिए उन्होंने मूल रूप से बिहार के रहने वाले इंजीनियर संजीव पिता सुधीर पंडित को बुलाया था। संजीव 20 मई को उज्जैन आया था। 31 मई की रात संजीव खदान संचालक कुलदीप की एक्टिवा लेकर पिपलोदा द्वारकाधीश से सेठी नगर के लिए निकला था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। मोबाइल भी स्विच ऑफ मिला।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला पीएचई कर्मचारी

**उज्जैन।** नगर निगम में पीएचई कर्मचारी रविवार सुबह घर में ही फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे लेकर तुरंत जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना नीमनवासा में रहने वाले ओमसिंह पिता केसरसिंह मालवीय (45) के साथ हुई है। सुबह उसका भाई देवकरण पानी की मोटर चालू करने आया तो उसे बरामदे में ओमसिंह लटका मिला।

### इंदौर में मना पोहा डे

# कैलाश विजयवर्गीय ने चाव से खाया पोहा, कहा- न्यूयार्क में भी फेमस



इंदौर ■ निसं

7 जून को पोहा डे के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है. इसी कड़ी में इंदौर के राजवाड़े पर आज यानि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा पोहा डे सेलिब्रेट किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौरी पोहे को लेकर कई तरह की जानकारी दी। साथ ही उनका कहना था कि पोहे के कारण स्वास्थ्य को भी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होती है।

वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंच से कहा कि ₹जब मैं दौरे पर ग्वालियर और गुना गया, तो वहां पर प्रत्येक दुकान पर इंदौरी पोहा लिखा था। यानी की इंदौर का पोहा आज प्रदेश के साथ थी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी फेमस हो चुका है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि जब मैं न्यूयॉर्क गया तो होटल ताज में रुका था तो वहां पर भी मुझे इंदौरी पोहा खाने को मिला।

### इंदौर में 7 जून को पोहा डे

इंदौर के प्रसिद्ध खानपान के व्यंजनों में से एक पोहा आज विश्व स्तर पर अपनी पहचान बन चुका है। इसी के चलते हर साल 7 जून को इंदौर के शहरवासियों के द्वारा पोहा डे के रूप में इसे सेलिब्रेट किया जाता है। इसी कड़ी में इंदौर के राजबाड़ा पर बड़ी संख्या में आज पोहा लवर इकट्ठा हुए और पोहे की क्या विशेषता है उसके बारे में जानकारी दी। वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी इंदौर के राजवाड़े पर होने वाले इस अनूठे कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# गौ आहार में मिलावट की जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग

इंदौर ■ निसं

वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने पशु आहार में कथित मिलावट को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से इसकी व्यापक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि पशु आहार में निर्धारित मानकों के विपरीत रासायनिक तत्वों या यूरिया जैसी सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तो इससे गौवंश के स्वास्थ्य के साथ-साथ दुग्ध गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

संजय अग्रवाल ने जारी बयान में कहा कि विभिन्न रिपोर्टों में कुछ पशु आहार उत्पादों में मानकों के उल्लंघन संबंधी बातें सामने आई हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए पशुओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित आहार उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

उन्होंने आशंका जताई कि निम्न गुणवत्ता वाले पशु आहार के उपयोग से पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे दूध उत्पादन और उसकी गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर वैज्ञानिक अध्ययन और सरकारी जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग की है कि पशु आहार बनाने वाली कंपनियों के उत्पादों की नियमित लैब जांच कराई जाए तथा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। संगठन ने प्राकृतिक एवं पारंपरिक पशु चारे को बढ़ावा देने, किसानों को प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन देने तथा दूध की गुणवत्ता जांच की व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग की है।

# ब्यूटी प्रोडक्ट की फ्रेंचाइजी के नाम पर 1.20 करोड़ का फ्रॉड

इंदौर ■ निसं

मध्य प्रदेश में इन दिनों कंपनियों की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर फ्रॉड के मामले सामने आ रहे हैं. ताजा मामला इंदौर का है, जहां व्यापारियों को ब्यूटी प्रोडक्ट की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। कथित तौर पर दिल्ली की दो कंपनी के डायरेक्टर को इंदौर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पिछले दिनों इंदौर क्राइम ब्रांच को इंदौर के रहने वाले फरियादी ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत की थी। इसी के बाद क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

इंदौर के व्यापारियों को फ्रेंचाइजी देने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को इंदौर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया, 'पिछले दिनों इंदौर की रहने वाली रितु मेहता द्वारा शिकायत दर्ज करवाते हुए, बताया गया कि फेसबुक और सोशल मीडिया के माध्यम से एक ब्यूटी प्रोडक्ट से संबंधित विज्ञापन देखा था। इसके बाद उन्होंने संबंधित विज्ञापन में जो नंबर था, उस पर संपर्क किया तो दिल्ली की डॉक्टर हरोर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर से बातचीत हुई। उन लोगों ने इंदौर में ब्यूटी प्रोडक्ट और वैलनेस सेंटर की फ्रेंचाइजी देने की बात कही और तकरीबन 1 करोड़ 20 लाख रुपए ले लिए।'

## दूसरी बार उज्जैन पंहुची गुजराती गायिका किंजल दवे



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा महाकाल के दरबार में रविवार तड़के दो जाने-माने चेहरे भक्ति के रंग में रंगे नजर आए. गुजराती संगीत जगत की मशहूर गायिका किंजल दवे और जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री मोनल गज्जर तड़के होने वाली भगवान महाकाल की भव्य भस्म आरती में शामिल होने उज्जैन पहुंचीं। दोनों कलाकारों ने पूरे नियमों और श्रद्धा भाव के साथ बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन किया और मंदिर परिसर में कुछ समय बिताकर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया।

# सिंहस्थ की तैयारी तेज, विकास परियोजनाओं की होगी कड़ी परीक्षा

उज्जैन ■ निसं

तीन साल की लंबी प्रतीक्षा और कड़े संघर्ष के बाद आखिरकार शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने वाले "नमामी गंगे मिशन" को केंद्र सरकार से हरी झंडी तो मिल गई है, लेकिन अब प्रशासन और निर्माण एजेंसी के सामने इससे भी बड़ी अग्निपरीक्षा शुरू होने जा रही है। गाजियाबाद (उत्तरप्रदेश) की सोमवंशी एनवायरो फर्म को 81 करोड़ रुपये का टेंडर मंजूर होने के बाद, अब सबसे बड़ा संकट सिंहस्थ-2028 की समय-सीमा के भीतर इस पूरी परियोजना को धरातल पर उतारने का है।

टेंडर की शर्तों के मुताबिक, इस पूरी परियोजना को पूरा करने के लिए 18 महीने का समय निर्धारित है। लेकिन तकनीकी और वित्तीय उलझनों के कारण जो परियोजना दो साल पहले शुरू हो जानी थी, उसमें तीन साल की भारी देरी हो चुकी है। इस लेती-लतीफी के कारण अब प्रशासन के पास समय बहुत कम बचा है।



शहर के भीतर सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों को लेकर सड़क चौड़ीकरण, नए घाटों का निर्माण, पुल, सीवरेज नेटवर्क और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े दर्जनों विकास कार्य एक साथ समानांतर रूप से चल रहे हैं। ऐसे में अलग-अलग निर्माण एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय बैठाना और बिना किसी बाधा के समयबद्ध तरीके से काम को अंजाम देना जिला प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होगा। यदि इस बार भी काम समय पर पूरा नहीं हुआ, तो सिंहस्थ से पहले शिप्रा शुद्धिकरण का मुख्य लक्ष्य सीधे तौर पर प्रभावित हो सकता है।

## पीएलसी-स्काडा आधारित मानिटरिंग और 15 साल का मेंटेनेंस

इस हाईटेक परियोजना के तहत पीलियाखाल क्षेत्र में 22.06 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और भैरवगढ़ क्षेत्र में 2.38 एमएलडी क्षमता का एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित होगा। बता दे कि अभी भैरवगढ़ क्षेत्र में बाटिक प्रिंट इकाइयों का केमिकल युक्त पानी सीधे शिप्रा में मिलता है, प्लांट लगने के बाद नहीं मिलेगा। योजना अनुसार दो सीवेज पंपिंग स्टेशन, दो एफ्लुएंट पंपिंग स्टेशन, 1420 मीटर राइजिंग मेन और 3500 मीटर एफ्लुएंट पाइपलाइन बिछाई जाएगी। जल की शुद्धता की रियल-टाइम जांच के लिए अत्याधुनिक पीएलसी-स्काडा आधारित मानिटरिंग सिस्टम लगेगा। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यह प्लांट सौर ऊर्जा आधारित सुविधाओं से लैस होगा। खास बात यह है कि निर्माण पूरा होने के बाद संबंधित एजेंसी ही अगले 15 वर्षों तक इसके संचालन और रख-रखाव का पूरा जिम्मा संभालेगी। केंद्र सरकार ने तो ठेकेदार तय करने को स्वीकृति दे दी मगर एमआइसी यानी महापौर परिषद से स्वीकृति मिलना अभी बाकी है। ये स्वीकृति कब मिलेगी, स्वीकृति उपरांत कार्य आदेश कब जारी होगा, कब भूमि पूजन होगा, ये अभी तय नहीं हो सका है।

भैरवगढ़ की रंगाई-छपाई फैक्ट्रियों और पीलियाखाल का गंदा पानी अब सीधे शिप्रा नदी में नहीं मिलेगा। सीवेज का पूर्ण उपचार होने से नदी की जल गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार होगा।

### 92.78 करोड़ की थी प्रशासनिक स्वीकृति, 81 करोड़ में हुआ टेंडर लॉक

शिप्रा नदी में मिलने वाले भैरवगढ़ और पीलियाखाल क्षेत्र के दूषित पानी को रोकने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने 24 मई 2023 को ही 92 करोड़ 78 लाख रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दे दी थी। जून 2023 में महापौर परिषद से हरी झंडी मिलने के बाद चार फर्मों ने निविदा में भाग लिया, लेकिन कड़ी परीक्षण प्रक्रिया के चलते पूर्व के सभी प्रस्ताव निरस्त करने पड़े। इसके बाद इसी साल फरवरी में संशोधित दरों के साथ फिर से टेंडर बुलाए गए।

# लापरवाह कंसल्टेंट और अफसरों पर भी कार्रवाई करने को कहा

इंदौर ■ निसं

नगर निगम द्वारा एलआईजी लिंक रोड के लिए मालवीय नगर में सडक निर्माण कार्य कराया जा रहा है और सडक निर्माण में कार्य देरी पर कल निरीक्षण करने पहुंचे निगमायुक्त भडक गए। उन्होंने संबंधित कंपनी पर पैनल्टी लगाने के साथ-साथ लापरवाह कंसल्टेंट और अधिकारियों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए।

नगर निगम द्वारा एलआईजी लिंक रोड की कई बाधाएं हटाने के बाद अब वहां सडक निर्माण कार्य शुरू कराया गया थे। सबसे ज्यादा मालवीय नगर गली नंबर 2 में तोडफोड़ हुई थी और बड़ी संख्या में मकान, दुकान के हिस्से तोड? के बाद नगर निगम ने वहां सडक निर्माण कार्य शुरू कराया था। अभी भी वहां कई हिस्सों में लाइनें बिछाने के ही काम चल रहे हैं। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर और कई अन्य अधिकारियों के साथ मालवीय नगर में चल रहे सडक निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां कई हिस्सों में धीमी गति से काम चलता पाया गया। इस पर कमिश्नर ने अफसरों को फटकार लगाई और वहां निर्माण कार्य कर रहे हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के खिलाफ पैनल्टी लगाने को कहा। कमिश्नर ने कहा कि काफी समय से धीमी गति से काम चल रहा है और उन्होंने कंसल्टेंट को भी फटकार लगाई और निर्माण कार्य में देरी पर उन्होंने कंसल्टेंट के साथ-साथ लापरवाही अधिकारियों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों से कहा कि सडक निर्माण के दौरान वे पूरे समय इसकी मानिटरिंग करें।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका ए दौरे के लिए इंडिया ए टीम घोषित, जुरेल बने कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने श्रीलंका ए के खिलाफ होने वाले दो चार दिवसीय मैचों के लिए इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी है। यह मुकाबले 25 जून से 5 जुलाई के बीच गाले में खेले जाएंगे। टीम की कमान विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सौंपी गई है, जबकि देवदत्त पडिक्कल को उपकप्तान बनाया गया है। इस टीम चयन में युवा और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गई है। रणजी ट्राफी 2025-26 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को भी टीम में शामिल किया गया है। आकिब ने इस सीजन में 60 विकेट लेकर न सिर्फ अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी, बल्कि टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे थे। बल्लेबाजी क्रम में साई सुदर्शन, ऋतुराज गायकवाड़ और एन जगदीशन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ विदर्भ के अमन मोखाड़े और आंध्र प्रदेश के शेख रशीद को पहली बार इंडिया ए टीम में जगह दी गई है। चयनकर्ताओं का मानना है कि यह दौरा युवा बल्लेबाजों के लिए विदेशी परिस्थितियों में खुद को परखने का बेहतरीन अवसर होगा। गेंदबाजी विभाग में आकिब नबी के साथ यश ठाकुर, अंशुल कंबोज और गुरनूर बरार को शामिल किया गया है। गुरनूर बरार को हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट टीम में नेट गेंदबाज के रूप में भी बुलाया गया था। स्पिन विभाग की जिम्मेदारी जीशान अंसारी, सारांश जैन और आलराउंडर आयुष बडोनी को सौंपी गई है। ये सभी खिलाड़ी स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों में टीम की ताकत बढ़ाएंगे। कुछ खिलाड़ी पहले से ही श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए मौजूद हैं, जिससे टीम संयोजन को और मजबूती मिली है। यह दौरा भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

### श्रेयस नहीं शुभमन को बनाना था कप्तान : मांजरेकर

**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि श्रेयस अय्यर की जगह पर शुभमन गिल को भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाया जाता तो बेहतर रहता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने शनिवार को सूर्यकुमार यादव को हटाकर श्रेसस को कप्तानी सौंप दी थी। इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मांजरेकर ने कहा था कि शुभमन के पास अधिक काबिलियत और अनुभव है। वह 6 महीने पहले तक टी20 प्रारुप में शामिल थे पर अब उन्हें बाहर कर दिय गया है। श्रेयस को आयरलैंड के खिलाफ दो मैच, इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच और फिर एशियन गेम्स के लिए टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रेयस ने करीब 3 साल से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है।

### मध्यप्रदेश प्रीमियर लीगः जबलपुर रायल लायंस के शेरों के आगे पिंक पैंथर्स ढेर

# अजय का आकर्षक अर्धशतक, रितिक और संजोग की आतिशी पारियों ने इंदौर को हराया

**इंदौर ■ एजेंसी**



स्थानीय होल्कर स्टेडियम में खेले जा रहे मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल-2026) के सातवें मुकाबले में शुक्रवार को जबलपुर रायल लायंस ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए इंदौर पिंक पैंथर्स को 5 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में इंदौर की यह लगातार दूसरी हार है, जिससे टीम की आगे की राह अब कठिन हो गई है। इंदौर द्वारा दिए गए 149 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को जबलपुर ने मात्र 18 ओवरों में 5 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। जबलपुर की इस धमाकेदार जीत के सामने इंदौर की गेंदबाजी रणनीति पूरी तरह असहाय और नाकाम नजर आई।

जबलपुर रायल लायंस के आलराउंडर रितिक टाडा को उनके शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहले गेंदबाजी में किफायत बरतते हुए 1 महत्वपूर्ण विकेट झटका और फिर बल्लेबाजी में इंदौर के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए मात्र 27 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्के जड़कर 47 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली।

इससे पहले जबलपुर रायल लायंस के कप्तान राहुल बाथम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पिच से मिल रही शुरुआती मदद का जबलपुर के गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। बल्लेबाजी का आमंत्रण पाकर उतरी इंदौर की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। सलामी बल्लेबाज सिद्धार्थ पाटीदार खाता खोले बिना ही पुनीत दाते का शिकार बने, जबकि करण तहलियानी (4) और अथर्व जोशी (8) भी सस्ते में पवेलियन लौट गए।

इस संकटपूर्ण स्थिति में कप्तान वेंकटेश अय्यर ने मोर्चा संभाला और 40 गेंदों में 3 चौकों की मदद से 33 रनों की संयमित कप्तानी पारी खेली। मध्यक्रम में सिद्धांत अग्रवाल ने 15 रन और सारांश सुराना ने मात्र 11 गेंदों में तेजी से 22 रन बटोरे। अंतिम ओवरों में शिवम शुक्ला के 28 रन और शुभम राठौर की नाबाद 24 रनों की उपयोगी पारियों की बदौलत इंदौर ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 148 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। जबलपुर की ओर से तेज गेंदबाज पंकज पटेल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि राहुल बाथम को दो, पुनीत दाते और ऋतिक टाडा को एक-एक सफलताएं मिलीं।

जवाब में 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज अर्पित गौड़ खाता खोले बिना आउट हो गए, जिसके बाद अभिषेक भंडारी भी 6 रन बनाकर चलते बने। दो विकेट जल्दी गिर जाने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज अजय रोहेरा और रितिक टाडा ने इंदौर के गेंदबाजों पर जवाबी हमला बोला।

अजय रोहेरा ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए 41 गेंदों में 4 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 51 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। दूसरे छोर से रितिक टाडा ने इंदौर के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए मात्र 27 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्के जड़कर 47 रन कूट डाले। इन दोनों के आउट होने के बाद मैच थोड़ा रोमांचक मोड़ पर पहुंचा, लेकिन संजोग निज्जार ने इंदौर की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। निज्जार ने मात्र 13 गेंदों में नाबाद 23 रन बनाए और 18वें ओवर में शिवम शुक्ला की गेंदों पर दो गगनचुंबी छक्के जड़कर टीम को 12 गेंदें शेष रहते ही 5 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी। कप्तान राहुल बाथम 3 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग : पूजा के तूफान में उड़ा भोपाल वुल्व्स, चंबल घड़ियल्स की एकतरफा जीत

**इंदौर ■ एजेंसी**



एमपीएल सिंधिया कप 2026 के महिला वर्ग में शनिवार को डेली कालेज मैदान पर एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। भारतीय स्टार खिलाड़ी पूजा वस्त्राकार के तूफानी अर्धशतक और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन की बदौलत चंबल घड़ियल्स ने भोपाल वुल्व्स को 43 रनों के बड़े अंतर से करारी शिकस्त दी। चंबल की इस धमाकेदार जीत की सूत्रधार पूजा रहीं, जिन्होंने भोपाल के गेंदबाजी आक्रमण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंबल घड़ियल्स की शुरुआत सधी हुई रही। सलामी बल्लेबाज कनिष्का ठाकुर ने तेजी से रन बटोरते हुए 18 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 26 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद मैदान पर उतरीं पूजा वस्त्राकार ने भोपाल के गेंदबाजों पर धावा बोल दिया।

पूजा ने मैदान के चारों ओर आकर्षक स्ट्रोक्स खेलते हुए महज 35 गेंदों में 180.00 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 2 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। रहिला फिरदौस की 21 रनों की उपयोगी पारी की बदौलत चंबल घड़ियल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 153 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भोपाल की ओर से संस्कृति गुप्ता और ऋषिता परिहार ने 2-2 विकेट चटकाए। 154 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल वुल्व्स की टीम चंबल के गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ के सामने शुरू से ही दबाव में नजर आई। सलामी बल्लेबाज रोशनी कुमारी (21 रन) और मध्यक्रम में संस्कृति गुप्ता (21 रन) ने विकेट पर टिकने का प्रयास जरूर किया, लेकिन वे रन गति को बढ़ाने में पूरी तरह नाकाम रहीं। चंबल घड़ियल्स की ओर से वैष्णवी सिंह ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। उनका बखूबी साथ निभाते हुए अदिति पंवार ने 21 रन देकर 2 विकेट और रचना यादव ने 27 रन देकर 2 विकेट चटकाकर भोपाल की कमर तोड़ दी।

# खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने अभाविप के प्रस्ताव को दी मंजूरी, पंजाब विवि में बनेगा ओलंपिक स्तर का सिंथेटिक ट्रैक

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों की सुविधाओं में विस्तार के लिए सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। पंजाब विश्वविद्यालय में लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने वहां ओलंपिक मानक वाले सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण को मंजूरी दे दी है। आगामी दो से तीन महीनों में इस परियोजना पर जमीनी काम शुरू होने की उम्मीद है।

यह निर्णय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद आया है। शनिवार देर शाम अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री से मुलाकात की और देश में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक व्यापक ज्ञापन सौंपा।

अभाविप ने वर्ष 2036 में भारत की संभावित ओलंपिक मेजबानी की तैयारियों से लेकर ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए कई सुझाव दिए, जिन पर खेल मंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाया।



इनमें ओलंपिक की तैयारियों के लिए अभी से एक मजबूत राष्ट्रीय ढांचा विकसित करने की मांग, प्रत्येक राज्य में खेल विश्वविद्यालयों की स्थापना और हर जिले में खेल उत्कृष्टता केंद्र व मल्टी-स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स का निर्माण, देश के दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों से खेल प्रतिभाओं को ढूंढने के लिए विशेष अभियान, एथलीटों के लिए स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा सुनिश्चित करना, एक 'राष्ट्रीय डिजिटल एथलीट पोर्टल' का निर्माण और 'माई भारत' वालंटियर्स के मानदेय में वृद्धि करना शामिल है।

केंद्रीय खेल मंत्री ने अभाविप द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सुझाए गए 'स्पोर्ट्स सामग्री बैंक' के आइडिया की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस योजना पर सरकार जल्द ही सकारात्मक कदम उठाएगी ताकि संसाधनों के अभाव में कोई प्रतिभा पीछे न छूटे।

राष्ट्रीय महामंत्री (अभाविप) के डॉ. वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। यदि इन्हें आधुनिक खेल अवसंरचना और वैज्ञानिक प्रशिक्षण मिले, तो भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। खेल सिर्फ पदक जीतने के लिए नहीं बल्कि युवाओं में अनुशासन और राष्ट्रभावना जगाने का माध्यम हैं।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सरकार ज्ञापन में उठाए गए अधिकांश मुद्दों पर पहले से ही काम कर रही है और बाकी के सुझावों पर भी गंभीरता से विचार कर जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## व्यापार

# टॉप 10 में शामिल सात कंपनियों का मार्केट कैप 1.25 लाख करोड़ से अधिक गिरा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल सात कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई, जबकि तीन कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई।



इनमें सबसे अधिक नुकसान देश में सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जबकि मार्केट कैप में गिरावट के मामले में दूसरा स्थान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने हासिल किया। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची तीन कंपनियों के मार्केट कैप में 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) सबसे आगे रही, जबकि आईसीआईसीआई बैंक दूसरे स्थान पर रही।

इस सप्ताह के कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, लार्सन एंड टूब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 1,25,670.23 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। दूसरी ओर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में 21,278.42 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए चार दिन के कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 39,718 करोड़ रुपये घट कर 17,47,321.40 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 20,134.66 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 7,95,346.09 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 18,736.04 करोड़ रुपये कम होकर 10,96,150.49 करोड़ रुपये के स्तर पर, लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप 16,880.20 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,43,956.44 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 14,610.74 करोड़ रुपये फिसल कर 5,05,873.32 करोड़ रुपये के स्तर पर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 9,681.36 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,53,580.97 करोड़ रुपये के स्तर पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 5,909.23 करोड़ रुपये घट कर 4,98,301.31 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

दूसरी ओर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 12,692.09 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 9,02,523.63 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 4,484.86 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,05,074.77 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 4,101.47 करोड़ रुपये उछल कर 11,50,743.31 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,47,321.40 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही।

इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 11,50,743.31 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 10,96,150.49 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,05,074.77 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 9,02,523.63 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 7,95,346.09 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,53,580.97 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,43,956.44 करोड़ रुपये), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,05,873.32 करोड़ रुपये) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 4,98,301.31 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## अमेरिका के रिटेल सेक्टर से भारतीय आईटी कंपनियों को राहत, पर खतरा बरकरार

**नई दिल्ली।** अमेरिका की बड़ी रिटेल कंपनियों का कारोबार सुधर रहा है और तकनीक पर खर्च भी बढ़ रहा है। इससे भारतीय आईटी कंपनियों को नए प्रोजेक्ट मिलने की उम्मीद बढ़ी है। हालांकि, तस्वीर पूरी तरह सकारात्मक नहीं है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से पारंपरिक आईटी सेवाओं की मांग पर दबाव भी बढ़ सकता है। अमेरिका में उपभोक्ताओं का खर्च मजबूत बना हुआ है। लोग अभी भी खरीदारी कर रहे हैं, खासकर आनलाइन और कम कीमत वाले उत्पादों पर। इसी वजह से कई बड़ी रिटेल कंपनियों की बिक्री और मुनाफे में सुधार देखने को मिला है। अधिकांश कंपनियों ने पूरे साल के लिए अपने अनुमान बरकरार रखे हैं या उन्हें बढ़ाया है। कास्टको, वालमार्ट और टारगेट जैसी कंपनियों ने तिमाही के दौरान मजबूत प्रदर्शन किया। आनलाइन बिक्री में तेजी और उपभोक्ताओं की लगातार खरीदारी ने इनके कारोबार को सहारा दिया। वहीं मैसीज़ और बेस्ट बाय जैसी कंपनियों में भी सुधार के संकेत मिले हैं। हालांकि कंपनियां अभी भी पूरी तरह निश्चिंत नहीं हैं। उन्हें चिंता है कि टैक्स रिफंड का फायदा धीरे-धीरे खत्म होगा, जबकि ऊंची ऊर्जा कीमतें और वैश्विक तनाव आगे कारोबार को प्रभावित कर सकते हैं। रिटेल कंपनियों की रणनीति में एक बड़ा बदलाव यह देखने को मिला है कि अब एआई सिर्फ प्रयोग या पायलट प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं है। कंपनियां इसे सीधे अपने कारोबार में लागू कर रही हैं ताकि लागत कम हो, कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़े और मुनाफा सुधरे। यानी एआई अब खर्च बढ़ाने वाली तकनीक नहीं, बल्कि कमाई बढ़ाने और मार्जिन सुधारने का जरिया बनता जा रहा है। यही बदलाव भारतीय आईटी कंपनियों के लिए चुनौती भी बन सकता है। अब कई ऐसे काम, जो पहले बड़ी आईटी टीमों के जरिए किए जाते थे, एआई की मदद से तेजी और कम लागत में पूरे हो रहे हैं।

## हफ्तेभर बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स-निफ्टी की चाल ने बढ़ाई निवेशकों की धड़कनें



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार के लिए बीता सप्ताह बेहद अस्थिर और चुनौतीपूर्ण रहा। सप्ताहभर सेंसेक्स और निफ्टी में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। कभी खरीदारी ने बाजार को संभाला तो कभी वैश्विक चिंताओं और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने निवेशकों का मूड बिगाड़ दिया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक ने बाजार की दिशा पर गहरा असर डाला। सप्ताह की शुरुआत सकारात्मक रही। सोमवार को सेंसेक्स 74,981 अंक तक पहुंच गया था और निफ्टी 23,600 के पार निकल गया था। लेकिन यह तेजी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। कारोबार के दौरान भारी मुनाफावसूली देखने को मिली और सेंसेक्स 508 अंकों की गिरावट के साथ 74,267 अंक पर बंद हुआ। दिनभर में 1,164 अंकों का उतार-चढ़ाव निवेशकों की बेचैनी को दर्शाता रहा। मंगलवार को बाजार ने मजबूत वापसी की। शुरुआती दबाव के बावजूद निचले स्तरों पर खरीदारी बढ़ी और सेंसेक्स 382 अंकों की छलांग लगाकर 74,649 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 23,483 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। आईटी और चुनिंदा बड़े शेयरों में खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया। हालांकि बुधवार को फिर माहौल बदल गया। अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बढ़ी अनिश्चितता और कमजोर वैश्विक संकेतों ने बाजार पर दबाव बनाया। सेंसेक्स कारोबार के दौरान 700 अंकों से अधिक टूट गया और अंततः 304 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। गुरुवार को भी बाजार में भारी अस्थिरता रही। सेंसेक्स 74,544 के उच्च स्तर और 73,807 के निचले स्तर के बीच झूलता रहा। अंत में यह मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन निवेशकों की नजर आरबीआई की मौद्रिक नीति पर रही। शुरुआती तेजी के बावजूद बाजार में मुनाफावसूली हावी हो गई और सेंसेक्स 116 अंक गिरकर 74,243.34 पर बंद हुआ।

## घरेलू सर्राफा बाजार में थमा नहीं गिरावट का दौर, सोना और चांदी की घटी चमक

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को जबरदस्त गिरावट का रुख नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर हिस्सों में आज सोना 2,740 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,960 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। चेन्नई में सोने की कीमत में 2,490 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,740 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के बावजूद अभी भी चेन्नई में सोना सबसे महंगा बना हुआ है। सोना की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज 9,900 रु.प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी आ गई है।

साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना की कीमत में कमजोरी दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 4,690 रु.प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आ गई। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 4,300 रु.प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चांदी के भाव में भी पिछले सप्ताह के कारोबार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी पिछले सप्ताह के भाव की



तुलना में 15 हजार रु.प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई। भाव में आई गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,52,760 रु. प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,910 रु. प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,40,000 रु.प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,000 रु. प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,65,000 रु. प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,52,910 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,150 रु.प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,760 रु.प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,000 रु.प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,810 रु.प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,050 रु.प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## अगले सप्ताह सिर्फ एक कंपनी के आईपीओ की लॉन्चिंग, 6 कंपनियों के शेयर होंगे लिस्ट

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सोमवार यानी आठ जून से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह सिर्फ एक कंपनी अपना आईपीओ लॉन्च कर रही है। ये आईपीओ एसएमई सेगमेंट का है। इस सप्ताह मेनबोर्ड सेगमेंट का कोई आईपीओ नहीं खुलने वाला है। इस इकलौते आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले चार आईपीओ में भी इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकेंगे। इन चार आईपीओ में से तीन एसएमई सेगमेंट के हैं, जबकि एक आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है। इस सप्ताह छह कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं।

इस सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 12 जून को हॉरिजॉन रिक्लेम इंडिया का 54.27 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 16 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 98 रुपये से लेकर 103 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है।



इस नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह चार जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले वाह केमिकल्स के 13.45 करोड़ रुपये के आईपीओ में कल यानी आठ जून तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 60 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 11 जून को कंपनी के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। अभी तक इस पब्लिक इश्यू को 6.48 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है।

इसी तरह चार जून को ही सब्सक्रिप्शन के लिए खुले यूएचएम वैकेसन के 36.02 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी कल यानी आठ जून तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 157 रुपये प्रति शेयर से लेकर 166 रुपये प्रति सेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 800 शेयर का है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 11 जून को कंपनी के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। अभी तक इस पब्लिक इश्यू को 66 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका है।

इसके अलावा पिछले सप्ताह पांच जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले हेक्सागॉन न्यूट्रिशन के 138.87 करोड़ रुपये के आईपीओ में मंगलवार यानी नौ जून तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 42 रुपये प्रति शेयर से लेकर 45 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 333 शेयर का है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 12 जून को कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पेपरलीक प्रकरण में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देने की कोई जरूरत नहीं: आठवले

**वाराणसी।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने देश में लगातार हो रही परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों और पेपर लीक के मामलों से विरोधी दलों के साथ छात्रों के निशाने पर आए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बचाव किया। केन्द्रीय मंत्री आठवले ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान या किसी अन्य को इस्तीफा देने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन सरकार को इससे सीख लेकर भविष्य में इस तरह की गड़बड़ियां न हो, इस पर भी काम करने की जरूरत है। केन्द्रीय मंत्री रविवार को वाराणसी में सर्किट हाउस में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार पेपर लीक करने वालों को खिलाफ सख्त प्रावधान करने जा रही है और जो भी लोग भी इस लीक मामले में शामिल रहे हैं, उन्हें सख्त सजा दी जाएगी। इस मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल पर निशाना साधते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी भ्रम फैला रहे है। वह संविधान की किताबें लेकर चलते हैं, लेकिन संविधान की बातें नहीं करते हैं। कांग्रेस पर समाज में फूट डालने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस की सरकारों ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट वर्षों तक दबाए रखा। विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार जब आई तो उन्होंने सिफारिश को लागू कर हर वर्ग के साथ सामाजिक न्याय किया।

### बंगाल में भी लागू होगी 'आयुष्मान भारत', केंद्र-राज्य सरकार के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार सोमवार को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी ' आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ' में शामिल होने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी। इसके साथ ही बंगाल इस विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने वाला देश का 36वां राज्य बन जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार इस योजना के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) और पश्चिम बंगाल सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के बीच नई दिल्ली के विज्ञान भवन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा करेंगे। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव, अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज (माध्यमिक और तृतीयक चिकित्सा) के लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मिलता है।

### ट्रंप के प्रमुख एआई सलाहकार कृष्णन ने दिया इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में व्हाइट हाउस के आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) सलाहकार श्रीराम कृष्णन ने अपने पद से हटने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह केवल आगामी जून तक ही इस पद पर अपनी सेवाएं दे सकेंगे। कृष्णन ने अपने 18 महीने के संक्षिप्त लेकिन बेहद प्रभावी कार्यकाल के दौरान अमेरिका का पूरा एआई एक्शन प्लान तैयार करने में केंद्रीय भूमिका निभाई। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सुरक्षित और जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग के लिए एक मजबूत नेशनल फ्रेमवर्क विकसित करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए श्रीराम कृष्णन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि एक छोटे से ब्रेक के बाद वह एक बार फिर अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के सामने एआई की वजह से पैदा हुई चुनौतियों को कम करने के मिशन पर जुटेंगे। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य का जिक्र करते हुए कहा कि अभी एआई से जुड़े कई जटिल और गंभीर मुद्दे हमारे सामने हैं, जिनमें डेटा सेंटरों का तेजी से होता विस्तार और उससे होने वाली भारी ऊर्जा की खपत शामिल है।

### 24 अरब डालर की फ्रीज संपत्ति जारी करने पर अड़ा तेहरान

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी युद्ध और कूटनीतिक गतिरोध को खत्म करने के लिए चल रही बातचीत अब सिर्फ एक बड़ी शर्त पर आकर अटक गई है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार मोहसिन रेजाई ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच वार्ता वर्तमान में डेडलाक यानी गंभीर गतिरोध में फंस गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बातचीत को अब आगे बढ़ाने और गतिरोध को तोड़ने की पूरी जिम्मेदारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निर्भर करती है। ईरान के अनुसार, किसी भी संभावित शांति समझौते को अमलीजामा पहनाने के लिए सबसे बड़ी और अनिवार्य शर्त विभिन्न देशों में वर्षों से फ्रीज (जब्त) पड़ी 24 अरब डालर की ईरानी संपत्तियों को तत्काल मुक्त करना है।

### लोकसभा अध्यक्ष ने एमआईबीएफ के कार्यक्रम में हुए शामिल

# विकसित भारत में समाज की होगी बड़ी भूमिका : ओम बिरला





**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि भारत आज दुनिया में अवसरों की सबसे बड़ी भूमि के रूप में उभर रहा है। विशाल बाजार, युवा शक्ति और नवाचार की अपार संभावनाओं के बल पर देश विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन, उद्योग जगत, व्यापारी समुदाय और युवा उद्यमी सामूहिक प्रयासों से इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समाज आगे बढ़ेगा तो देश भी आगे बढ़ेगा।

बिरला आज माहेश्वरी इंटरनेशनल बिजनेस फाउंडेशन (एमआईबीएफ) की ओर से आयोजित 'माहेश्वरी और विकसित भारत-2047' कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जेके माहेश्वरी, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अध्यक्ष संतोष कुमार लोहाटी, एमआईबीएफ के संस्थापक अध्यक्ष प्रशांत माहेश्वरी, दीपक माहेश्वरी, उद्योगपति आनंद राठी, पूर्व सांसद श्याम जाजू सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष का सम्मान किया गया तथा प्रकाश पांडे द्वारा लिखित कोठारी बंधुओं पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश के विकास में माहेश्वरी समाज की गौरवशाली विरासत, इतिहास और योगदान महत्वपूर्ण रहा है। समाज ने व्यापार, उद्योग, सेवा और सामाजिक कार्यों के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। समाज की प्रतिष्ठा से ही व्यक्ति की प्रतिष्ठा बढ़ती है और समाज के संस्कार ही व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य केवल सरकारों के प्रयासों से पूरा नहीं होगा, बल्कि विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं और उद्यमियों के सामूहिक योगदान से इसे साकार किया जा सकेगा। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को एक मंच पर लाकर विचार-विमर्श, सहयोग और समन्वय के माध्यम से नई संभावनाओं का निर्माण किया जा सकता है।

बिरला ने कहा कि आज भारत के पास दुनिया के सबसे बड़े बाजारों में से एक है और यहां व्यापार, उद्योग, स्टार्टअप, सेवा क्षेत्र तथा नवाचार के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। व्यापार और उद्योग से जुड़े लोग केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य भी करते हैं।

माहेश्वरी समाज के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि समाज ने देश के विभिन्न हिस्सों में कठिन परिस्थितियों में भी व्यापार और सेवा के माध्यम से विश्वास कायम किया है। पूर्वोत्तर सहित देश के दूरदराज क्षेत्रों में समाज के लोगों ने आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में उद्योग जगत की भूमिका का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में भी बिरला, टाटा और बजाज जैसे उद्योगपति परिवारों ने देश की आजादी के संघर्ष में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान दिया था। भारतीय उद्योग जगत ने हमेशा राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी है और संकट के समय देश के साथ खड़ा रहा है।

बिरला ने कहा कि यदि आने वाली पीढ़ियों को समाज, संस्कृति और सेवा के मूल्यों से नहीं जोड़ा गया तो गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाना कठिन होगा। उन्होंने शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अहमदाबाद में 28.94 लाख की फर्जी करेंसी बरामद, 6 गिरफ्तार



**अहमदाबाद ■ एजेंसी**

गुजरात की आर्थिक राजधानी अहमदाबाद में पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय नकली नोट के रैकेट का पर्दाफाश करते हुए 28.94 लाख रुपये की फर्जी भारतीय मुद्रा बरामद की। इस मामले में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। खास बात यह है कि यूपी और राजस्थान तक फैले इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किसी आर्थिक अपराध की जांच से नहीं बल्कि एक हत्या के मामले की जांच के दौरान हुआ।

अहमदाबाद शहर पुलिस के जोन-8 के डीसीपी मयूर पाटिल ने शनिवार को मीडिया को बताया कि वटवा पुलिस थाने में दर्ज एक हत्या के मामले की जांच के दौरान पुलिस को नकली नोटों के कारोबार से जुड़े अहम सुराग मिले थे। जांच आगे बढ़ी तो सामने आया कि इस पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड इमरान सब्बीर सिंधा था, जिसने वटवा स्थित सतेज होम्स में एक मकान किराए पर लेकर नकली नोट छापने का पूरा सेटअप तैयार किया था।

पुलिस जांच के अनुसार इमरान सिंधा ने मार्च 2026 से कंप्यूटर, कलर प्रिंटर, लैपटॉप और अन्य आधुनिक उपकरणों की मदद से 500-500 रुपये के नकली नोट छापने का काम शुरू किया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि गिरोह अब तक लगभग 60 लाख रुपये की फेस वैल्यू वाली नकली नोटें

**हत्या की जांच में हुआ यूपी और राजस्थान तक फैले इस पूरे नेटवर्क का खुलासा**

तैयार कर चुका था और उन्हें बाजार में असली नोटों की तरह खपाने का प्रयास कर रहा था। मामले में उस समय नया मोड़ आया जब मुख्य आरोपित इमरान सिंधा की किसी कारणवश मृत्यु हो गई। उसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य पुलिस की पकड़ से बचने के लिए नकली नोटें, प्रिंटिंग मशीनें, लैपटॉप और अन्य उपकरण लेकर विभिन्न राज्यों में फरार हो गए।

इसके बाद वटवा पुलिस और लोकल क्राइम ब्रांच (एलसीबी) जोन-8 की अलग-अलग टीमों का गठन किया गया और तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के महेरा चौधरी गांव में महत्वपूर्ण सुराग मिले। यहां आरोपित चंद्रमोहन शर्मा के घर पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में नकली नोटें, लैपटॉप और अन्य सामग्री बरामद की गई। राजस्थान के धौलपुर में आरोपी वीरेंद्र उर्फ वीरू बघेल के एक रिश्तेदार के घर से कलर प्रिंटर और नकली नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण जब्त किए गए।

## अटारी बॉर्डर पर ए.आर. रहमान ने पहली बार दी लाइव प्रस्तुति



**चंडीगढ़।** अटारी बॉर्डर स्थित जेसीपी स्टेडियम में रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम 'जय हो - ए ट्रिब्यूट टू द ब्रेवहार्ट्स' का आयोजन किया गया। 'मैं वापस आऊंगा' फिल्म की टीम द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विश्वविख्यात संगीतकार और ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान ने पहली बार अटारी बॉर्डर पर आयोजित बीटिंग द रिट्रीट समारोह के दौरान लाइव प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम देश के वीर जवानों और उनकी सेवाओं को समर्पित रहा।

# किसी का अहित न करना ही सबसे बड़ी निरोगता: डॉ. इन्द्रेश

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. इन्द्रेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि किसी का अहित न करना ही सबसे बड़ी निरोगता है और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वस्थ विचारों का होना अनिवार्य है।





डॉ. इन्द्रेश कुमार ने यह बात दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में शुक्रवार को स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन के सूत्रों को समाहित करने वाली पुस्तक 'निरोगता के सूत्र - गुरबाणी एवं श्रीमद्भगवद्गीता के आलोक में' के लोकार्पण के दौरान कही।

पुस्तक के लेखक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कर्मठ स्वयंसेवक डॉ. शाम लाल कठपालिया के जीवन, व्यक्तित्व एवं चिंतन को स्मरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन भारतीय संस्कृति, सेवा, स्वास्थ्य, अध्यात्म और मानवीय मूल्यों का जीवंत उदाहरण रहा है।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. इन्द्रेश कुमार ने कहा, 'अहित करने के लिए व्यक्ति को अपने भीतर ईर्ष्या, क्रोध और नकारात्मक भावों को स्थान देना पड़ता है, जो अंततः तन और मन दोनों को अस्वस्थ बनाते हैं।'

उन्होंने डॉ. शाम लाल कठपालिया के साथ बिताए अपने अनेक संस्मरण साझा किए तथा पुस्तक की विषयवस्तु को वर्तमान समय के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में दधीचि देह दान समिति के संस्थापक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने कहा कि 'स्व' का वास्तविक अर्थ ईश्वर है और मनुष्य का लक्ष्य अपने भीतर स्थित उस दिव्यता को पहचानना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहाँ 'स्व' है, वहीं वास्तविक स्वास्थ्य और निरोगता है। उन्होंने पुस्तक को भारतीय जीवन-दर्शन और स्वास्थ्य चेतना का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया।

# अमेरिकी सेना का ईरान के रडार ठिकानों पर हमला, कुवैत बहरीन में मिसाइल अलर्ट

**वाशिंगटन/तेहरान ■ एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अमेरिकी सेना ने ईरान के तटीय क्षेत्र में स्थित कुछ रडार और निगरानी ठिकानों को निशाना बनाकर कार्रवाई की, जबकि ईरान ने इसे युद्धविराम का उल्लंघन बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है।



अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार हार्मुज जलडमरूमध्य के आसपास समुद्री गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। अमेरिकी सेना का दावा है कि क्षेत्र में सक्रिय कुछ ड्रोन अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए संभावित खतरा पैदा कर रहे थे। इसके बाद अमेरिकी बलों ने ईरान के गोरुक क्षेत्र और केशम द्वीप के पास स्थित निगरानी ढांचे पर लक्षित हमले किए। ये दोनों स्थान हार्मुज जलडमरूमध्य के समीप स्थित हैं और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे क्षेत्र में तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया। मंत्रालय का कहना है कि इस तरह की सैन्य गतिविधियां पहले से मौजूद संघर्षविराम व्यवस्था की भावना के विपरीत हैं और इससे क्षेत्रीय स्थिरता प्रभावित हो सकती है।

इस बीच, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी हमलों के जवाब में खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। संगठन ने यह भी कहा कि हार्मुज क्षेत्र में कुछ जहाजों के खिलाफ कार्रवाई की गई, हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। कुवैत की सेना ने बताया कि उसके वायु रक्षा तंत्र ने देश के हवाई क्षेत्र की ओर बढ़ रही कई बैलिस्टिक मिसाइलों को निष्क्रिय कर दिया। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, मिसाइलों के अवशेष कुछ रिहायशी इलाकों में गिरे, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### 661 करोड़ के गबन मामले में सीबीआई ने तेज की जांच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हरियाणा सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन के विभिन्न विभागों के धन के कथित गबन से जुड़े 661 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में शनिवार को चंडीगढ़, पंचकूला और दिल्ली-एनसीआर में छह स्थानों पर छापा मारा है। इस दौरान हरियाणा कैडर के वरिष्ठ लोकसेवकों, एक निजी कंपनी और उसके निदेशक से जुड़े परिसरों की तलाशी ली गई।

सीबीआई के अनुसार, जांच में सामने आया है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू फाइनेंस बैंक के माध्यम से सरकारी धन का कथित दुरुपयोग किया गया। हरियाणा के आठ विभागों और चंडीगढ़ के दो विभाग नगर निगम चंडीगढ़ और सीआरईएसटी चंडीगढ़ के खातों से धन की अनियमित निकासी और स्थानांतरण किया गया।

# अन्नामलाई के जाने से भाजपा पर नहीं पड़ेगा कोई असर, कमल ही पार्टी का असली चेहरा: सौंदरराजन

**चेन्नई ■ एजेंसी**

तमिलनाडु की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई के पार्टी छोड़कर नया राजनीतिक संगठन शुरू करने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। इस बीच प्रदेश भाजपा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तमिलिसाई सौंदरराजन ने पार्टी के भीतर भ्रम और अस्थिरता की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा किसी एक नेता के भरोसे नहीं चलती, बल्कि उसकी ताकत उसकी विचारधारा, संगठन और समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है।

तमिलिसाई सौंदरराजन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा का वास्तविक चेहरा कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका चुनाव चिह्न 'कमल' है। उन्होंने कहा कि पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए किसी वैकल्पिक चेहरे की आवश्यकता कभी नहीं पड़ी और भविष्य में भी नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा, 'भारतीय जनता पार्टी का एकमात्र चेहरा कमल का चेहरा है। किसी अन्य चेहरे को दिखाकर भाजपा के लिए वैकल्पिक शक्ति खोजने की आवश्यकता हमें कभी नहीं पड़ी और न ही पड़ेगी।



इस बात को लेकर मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं। 'उन्होंने यह भी कहा कि जो व्यक्ति पार्टी छोड़कर चला गया है, उसे भाजपा की ओर से न तो कोई विशेष समर्थन मिलेगा और न ही शुभकामनाएं। भाजपा के भीतर कथित अस्थिरता और भ्रम की चर्चाओं को विपक्ष की राजनीतिक रणनीति बताते हुए तमिलिसाई ने कांग्रेस और विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भाजपा मजबूती से खड़ी है और यही बात विपक्षी दलों को परेशान कर रही है।

उनके अनुसार, कांग्रेस नेता माणिकम टैगोर और वीसीके के नेता वन्नियारसु भाजपा को कमजोर दिखाने के लिए तरह-तरह की कहानियां गढ़ रहे हैं, लेकिन पार्टी इन आरोपों और अटकलों की कोई परवाह नहीं करती। जब पत्रकारों ने पूछा कि कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय रहे अन्नामलाई ने भाजपा क्यों छोड़ी, तो तमिलिसाई ने कहा कि इसका जवाब स्वयं अन्नामलाई ही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह धारणा बना चुके हैं कि अन्नामलाई के कारण ही भाजपा मजबूत हुई थी, जबकि वास्तविकता इससे अलग है।

उन्होंने कहा, 'अन्नामलाई के आने से भाजपा मजबूत नहीं हुई थी और उनके जाने से भी भाजपा कमजोर नहीं होगी। यह पार्टी पहले भी मजबूत थी और आज भी मजबूत है। भाजपा की शक्ति किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं करती।

तमिलिसाई ने कहा कि भाजपा के सच्चे और समर्पित कार्यकर्ता आज भी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी ताकत साबित करने के लिए किसी से प्रमाणपत्र लेने की आवश्यकता नहीं है।

### अमेरिका की मध्यस्थता से इजराइल और लेबनान के बीच वाशिंगटन में सशर्त सीजफायर दिखावा

# इजराइल के हवाई हमले में लेबनान के सैन्य प्रमुख ब्रिगेडियर रुडोल्फ समेत 12 की मौत

**बेरूत (लेबनान) ■ एजेंसी**

*अमेरिका की मध्यस्थता से इजराइल और लेबनान के बीच वाशिंगटन में घोषित सशर्त सैन्य विराम (युद्ध विराम, सीजफायर) दिखावा साबित हुआ। इजराइल के ताजा हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में लेबनान के सैन्य प्रमुख भी शामिल हैं।*

*अधिकारियों ने पुष्टि की कि सैन्य प्रमुख , एक कैप्टन और एक सैनिक की मौत हो गई। इनकी मौत खारदली-नबातीह रोड पर यात्रा के दौरान हुई। सैन्य प्रमुख को पाकिस्तान पहुंचना था। पाकिस्तान पहुंचने से पहले ही उनकी जान ले ली गई। लेबनान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देश के सैन्य प्रमुख (सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ) ब्रिगेडियर जनरल रुडोल्फ हैकल को निशाना बनाने को देश की संप्रभुता पर हमला करार दिया है। इस हमले की कई देशों ने भी कठोर निंदा की है।*



*इजराइल ने छह जून को लेबनान पर कहर बरपाया। लेबनान की सेना ने पुष्टि की है कि इजराइल के हवाई हमले में खारदली-नबातिह रोड पर अभेद्य माना जाने वाला सैन्य वाहन नष्ट हो गया। इसमें सवार सेना के सर्वोच्च कमांडर , कैप्टन और एक सैनिक मारे गए। इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि यह हमला सक्रिय युद्ध क्षेत्र में हुआ। इस क्षेत्र में आवाजाही के लिए इजराइली सेना के साथ तालमेल जरूरी है। आईडीएफ ने कहा इस घटना की जांच की जा रही है।*

*लेबनानी सेना ने कहा, इजराइल की जानबूझकर और बार-बार की जा रही क्रूरता और आक्रामकता का मकसद किसी समाधान तक पहुंचने की सभी कोशिशों को नाकाम करना है। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे लेबनान की संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों व नियमों का खुला उल्लंघन बताया। प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इसे एक घिनौना अपराध और लेबनान तथा सभी लेबनानी लोगों पर हमला करार दिया।*

**कार्यालय, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म0प्र0)**

फोन/फैक्स: 07574-254072
महाविद्यालय कोड 3202
www.mp.gov.in/highereducation/hoshangabau

ईमेल: heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय वि.वि. कोड 147
NAAC Grade - B++

क्रमांक 1259 / स्था. / 2026
नर्मदापुरम, दिनाँक /06/06/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में सामग्री कय किये जाने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पोर्टल पर निविदा जारी की गई है निविदा में भाग लेने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पर दर्शित प्रक्रिया अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Start Date | 06.06.2026 |
| 2. | End Date | 20.06.2026 |

प्राचार्य
शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नर्मदापुरम (म0प्र0)

# कुलदेवी माता महालक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन जी की 27वीं महाआरती श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सम्पन्न







भोपाल ■ निसं

अग्रवाल समाज द्वारा अपने आराध्य देव महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी माता महालक्ष्मी की 27वीं महाआरती रविवार सायंकाल श्री अग्रसेन वाटिका, आईटीसी पार्क, कमला पार्क के सामने, भोपाल में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई। महाआरती में बड़ी संख्या में अग्रबंधु परिवार सहित उपस्थित हुए तथा महाराजा अग्रसेन एवं माता महालक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती कर समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर महाआरती की जजमानी कोलार अग्रवाल समाज द्वारा की गई। हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव के पश्चात कोलार अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि 7 जून को आयोजित होने वाली महाआरती की जजमानी समाज द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर शैलेन्द्र गर्ग, सौरभ गुप्ता, वसंत गुप्ता, तरुण अग्रवाल, डॉ. अंकुर अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, रविन्द्र बंसल एवं सुरेश चंद्र गोयल सहित बड़ी संख्या में कोलार क्षेत्र के अग्रबंधु उपस्थित रहे।

मुकेश गोयल ने बताया कि महाआरती का उद्देश्य समाज को संगठित करना तथा महाराजा अग्रसेन के 'एक ईंट-एक रुपया' के आदर्श सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाना है। चैत्र नवरात्र 2024 से प्रारंभ हुई यह महाआरती अब समाज की एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सामाजिक परंपरा बन चुकी है। प्रत्येक माह आयोजित होने वाले इस आयोजन से अग्रबंधुओं के बीच एकता, सहयोग एवं भाईचारे की भावना को बल मिल रहा है।

समिति के नितिन कुमार गुप्ता ने बताया कि महाआरती को अग्रबंधुओं का लगातार अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है तथा प्रत्येक माह श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक लोगों को महाआरती से जोड़ने के उद्देश्य से शीघ्र ही महाआरती का लाइव प्रसारण भी प्रारंभ किया जाएगा, जिससे भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देश-विदेश में निवासरत अग्रबंधु भी इस धार्मिक आयोजन से सीधे जुड़ सकेंगे।

रोहित गुप्ता ने बताया कि आगामी महाआरतियों को और अधिक भव्य एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। महाआरती आयोजन में डॉ रश्मि अग्रवाल,श्रीमती आशा गुप्ता,श्रीमती रमा अग्रवाल, धीरज गुप्ता, निशा गुप्ता, मोहित अग्रवाल, प्रमेत अग्रवाल एवं धीरज अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति ने महाआरती को सफल बनाने हेतु कोलार अग्रवाल समाज, सभी अग्रबंधुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## सिवनी मालवा तेज आंधी-तूफान के कारण पंडाल के पास हरदा मार्ग पर गिरे पेड़, बड़े हादसे की आशंका

**सिवनी मालवा।** क्षेत्र में अचानक मौसम के बदलने और तेज हवा, आंधी के साथ आई बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस तेज आंधी-तूफान की वजह से सिवनी मालवा में पंडाल के पास हरदा मार्ग पर मुख्य सड़क पर पेड़ टूटकर गिर गए हैं। रोड के बीचों-बीच पेड़ गिरने के कारण इस व्यस्त मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। चूंकि यह मुख्य हरदा मार्ग है, इसलिए यहाँ से लगातार वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। सड़क पर गिरे पेड़ों के कारण यहाँ किसी भी वक्त कोई बड़ा सड़क हादसा होने की गंभीर आशंका बनी हुई है, खासकर रात के समय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत ऐक्शन लिया जाए। सड़क पर गिरे पेड़ों और मलबे को जल्द से जल्द हटवाया जाए ताकि रास्ता साफ हो सके और किसी भी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके।

## भाजपा नगर मंडल की कामकाजी बैठक में संगठन विस्तार और कार्यक्रमों को लेकर हुआ मंथन

**रायसेन।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गैरतगंज की कामकाजी बैठक शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान एवं संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री एवं नगर मंडल प्रभारी गैरतगंज सुशील शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष संजय जैन ने की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष अशोक ठाकुर, मंडल महामंत्री अनिल अहिरवार एवं मानसिंह भूरा भैया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों जे.के. जैन, अशोक ठाकुर मामा, हरकरण लोधी, प्रवीण शर्मा, गौरी चंद्रवंशी, बबलू साहू सहित शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर मुख्य अतिथि एवं मंडल प्रभारी सुशील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसकी शक्ति उसके समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं।

## मानसून पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों का सफाई अभियान प्रारंभ

# इंदिरा चौक के पीछे स्थित नाले से निकाला भारी मात्रा में कचरा



भोपाल ■ निसं

मानसून के पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों का सफाई अभियान नगरपालिका द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। विगत तीन दिनों से चल रहे विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान इंदिरा चौक के पीछे वाले नाले की जेसीबी के माध्यम से सफाई की गई। जिसमें भारी मात्रा में कचरा निकाला गया। बाजार क्षेत्र में चल रहे स्वच्छता अभियान को लेकर व्यापारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले एवं स्वच्छता प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देशन में मानसून पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों का स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। आज इंदिरा चौक पीछे वाले नाले नालियों को पोकलेन की मदद से साफ किया गया। साथ ही स्थानीय नागरिकों से आग्रह किया गया है कि जिस किसी ने भी नाले नालियों पर अतिक्रमण किया है वह स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा पोकलेन की मदद से हटा दिया जाएगा।

## चित्रगुप्त घाट पर कायस्थ समाज का स्वच्छता अभियान, समाजसेवी वर्मा ने दी स्वच्छता की सीख

*भोपाल ■ निसं*

*मां नर्मदा के पवित्र तटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के संकल्प के साथ अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रात की भारी बारिश के बाद चित्रगुप्त घाट पर जमा हुए कचरे और कूड़े को साफ करने के लिए समाज की मातृशक्ति और पुरुष सदस्यों ने रविवार को एक स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान 4 वर्षों से निरंतर जारी है मातृशक्ति का यह संकल्प रविवार रात हुई बारिश के कारण चित्रगुप्त घाट के फर्श पर भारी मात्रा में कीचड़ और कचरा जमा हो गया था। सुबह घाट की स्थिति को देखते हुए कायस्थ समाज की मातृशक्ति और पुरुष सदस्य तगाड़ी, फावड़े और झाड़ू लेकर मैदान में उतर गए। समाज के सदस्यों ने कड़ी मेहनत कर पूरे घाट से कचरा हटाया और उसे डस्टबिन में एकत्रित किया। उल्लेखनीय है कि मातृशक्ति द्वारा पिछले 4 वर्षों से बिना रुके हर रविवार को यह अनुकरणीय अभियान चलाया जा रहा है।*



*सेवानिवृत्ति बैंक अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि मां नर्मदा की पवित्रता बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। मां नर्मदा का यह पवित्र चित्रगुप्त घाट न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में अपनी विशेष पहचान रखता है। अमावस्या, पूर्णिमा और नर्मदा जयंती जैसे बड़े अवसरों पर यहां ऐतिहासिक महोत्सव होते हैं, जिसमें देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। घाट पर स्नान करते समय पूरी सावधानी बरतें। मां नर्मदा के जल में नहाते वक्त साबुन, शैम्पू जैसी केमिकल युक्त चीजों का उपयोग बिल्कुल न करें। नदी की पवित्रता को ठेस पहुंचाने वाली फूल-माला या अन्य कोई भी पूजन सामग्री सीधे जल में न प्रवाहित करें। स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए विजय वर्मा ने कहा कि अभियान पूरे समाज के लिए एक महान प्रेरणा है। मां नर्मदा हम सबकी जीवनदायिनी हैं। वे हमारे अस्तित्व का आधार हैं, इसलिए इन्हें स्वच्छ और अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी का परम और नैतिक कर्तव्य है।*

## बी.ए. एल.एल.बी. पाठ्यक्रम बंद किए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं और पूर्व छात्रों ने उठाई आवाज



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

शासकीय प्रधानमंत्री एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय में संचालित इंटीग्रेटेड बी.ए. एल.एल.बी. (12+5) पाठ्यक्रम को बंद किए जाने के निर्णय का विरोध तेज हो गया है। महाविद्यालय के पूर्व छात्रों, अधिवक्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता आयोजित कर पाठ्यक्रम को तत्काल पुन: प्रारंभ करने की मांग की। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि बी.ए. एल.एल.बी. जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम युवाओं को न्यायिक क्षेत्र में करियर बनाने और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे समय में जब देश के करोड़ों युवा रोजगार संकट का सामना कर रहे हैं, इस पाठ्यक्रम को बंद करना क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य पर गंभीर आघात है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से विशेष रूप से ग्रामीण एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को नुकसान होगा, जिन्हें स्थानीय स्तर पर विधि शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता था। वक्ताओं ने छात्रहित को सर्वोपरि बताते हुए महाविद्यालय प्रबंधन एवं शासन से मांग की कि बी.ए. एल.एल.बी. पाठ्यक्रम को तत्काल पुन: प्रारंभ किया जाए, ताकि क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।

प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि इस मांग को लेकर आगामी दिनों में क्षेत्र के सांसदों और विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही ज्ञापन की एक प्रति कलेक्टर को भी दी जाएगी। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जनता के हित से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांग पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन के अगले चरण में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में आयकर अधिवक्ता शिवमंगल सिंह चौहान, अधिवक्ता श्रीमती कुसुम तोमर, विजेंद्र राजपूत, अंकित दुबे, अजय शर्मा, वीरेन्द्र चौहान, मोहन वैरागी, कांग्रेस नेता राकेश शर्मा, राजेश राठौर 'बबलू', रोहित पवार, दीपक लोवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल बुधनी की मासिक बैठक संपन्न

# संगठन की मजबूती और नए मतदाताओं को जोड़ने पर हुआ मंथन

बुधनी ■ निसं

भारतीय जनता पार्टी मंडल बुधनी की मासिक बैठक रविवार को नगर परिषद कार्यालय में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को और अधिक गतिशील बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति: बैठक की अध्यक्षता मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री (सीहोर) पंकज गुप्ता एवं जिला कार्यालय मंत्री आशीष पचौरी ने की। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती को लेकर दोनों वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

इन मुख्य विषयों पर हुआ मंथन: संगठन को मजबूती: बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया गया।

नए मतदाताओं से संपर्क: क्षेत्र के युवाओं



और नए मतदाताओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का संकल्प लिया गया।

योजनाओं का प्रचार-प्रसार: केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और पात्र लोगों को उसका लाभ दिलाने की बात कही गई।

आगामी कार्यक्रम: आने वाले समय में आयोजित होने वाले पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता रहे मौजूद: इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, जिला मंत्री राजेश पाल, वरिष्ठ नेता कृष्ण मालवीय और मंडल अध्यक्ष संतोष गौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही महिला मोर्चा की जिला महामंत्री शिवानी यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामपति नायर सहित मंडल के अन्य सभी प्रमुख पदाधिकारी और बड़ी संख्या में निष्ठावान कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित हुए।

## सीएम डॉ. यादव ने रायसेन जिले में हुई सड़क दुर्घटना पर जताया दुख, घायलों से मिले स्वास्थ्य राज मंत्री नरेंद्र पटेल

रायसेन ■ निसं



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रायसेन के उमरावगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेहतगंज टोल प्लाजा के पास 2 बसों से हुई दुर्घटना में 4 लोगों की हुई मौत पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस दुर्घटना में यात्रियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। दिवंगत नागरिकों के परिजन को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुर्घटना के घायलों के नि:शुल्क उपचार के निर्देश भी दिए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ यादव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने भोपाल में शासकीय हमीदिया अस्पताल पहुंचकर यहां भर्ती बस दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के उपचार की डॉक्टर्स से जानकारी ली। साथ ही घायल व्यक्तियों से भी चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## भारत की बेटियों ने जीती चैंपियनशिप

# गोवा में 25 मई से 6 जून तक हुई थी एसएएफएफ वुमेन चैंपियनशिप

रायसेन/भोपाल ■ निसं

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैम्पियनशिप-2026 जीत ली है। भारतीय टीम ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया। इस जीत पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीम को बधाई दी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह शानदार विजय भारत की बेटियों के साहस, प्रतिभा और टीम भावना का प्रतीक है। भारतीय टीम की यह सफलता खेल जगत में प्रेरणा का नया अध्याय लिखेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पूरी टीम हार्दिक बधाई की पात्र है। उन्होंने महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी हैं।



गौरतलब है कि, गोवा राज्य के मडगांव में 25 मई से 6 जून की अवधि में हुई इस चैम्पियनशिप में भारत की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए भारतीय महिला खिलाड़ियों को बधाई दी है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने 18 गोल करने की उपलब्धि भी हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय महिला खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की चारों ओर प्रशंसा हो रही है।

## भाजपा नर्मदापुर मंडल की मासिक बैठक हुई संपन्न

# पीएम कार्यकाल के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता करें 12-12 पौधों का रोपण:सांसद माया नारोलिया

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम मंडल की मासिक बैठक रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण अभियान एवं जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत ने बताया कि संगठन द्वारा आगामी दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण



होने के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर 12-12 पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता घर-घर संपर्क अभियान चलाएं। पूर्व जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी रघुवीर राजपूत ने संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं से संगठन के अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं से निरंतर जनसंपर्क और संवाद बनाए रखने का आग्रह किया।

बैठक में जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ानी, विकास नरोलिया, नंदकिशोर यादव, देवेन्द्र रूसिया, किसन मस्साब, संजीव मालवीय, नागेंद्र तिवारी, दीपू हेमनानी, रूपराम यादव, रजनी यादव, पार्षद नरेंद्र पटेल, बंटी परिहार, दुर्गेश चौधरी, पूर्व पार्षद अतुल भंडारी, पंकज पांडे, एल्डरमेन संतोष मीणा, हीरामंडी भावसार, सुचित्रा यादव, चंदन शाह, सचिन तोमर, अमित तिवारी, योगेंद्र सोलंकी, कमल चौहान, सुमित गौर, देवू यादव, धनराज यादव, राकेश सराठे, नितिन यादव, महेश सैन, प्रशांत मालवीय, सुनील गोहोरे, पंकज साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल, जसवीर, सुरेंद्र चौहान, हर्ष सराठे, अनिल अहीरवार, रेखा रघुवंशी, मजीद खान, पाल साहब, हरि सेवरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व साइकिल दिवस पर निकली साइकिल रैली, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रायसेन।** भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन के तहत विश्व साइकिल दिवस पर आयोजित 'संडेज ऑन साइकिल' अभियान के अंतर्गत रविवार को रायसेन में साइकिल रैली निकाली गई। अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, साइकिल चलाने को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है।

कार्यक्रम की शुरुआत शहर के सागर रोड स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पौधारोपण के साथ हुई। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमुना सेन ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खेल



स्टेडियम पहुंची।

रैली के दौरान प्रतिभागियों ने इंधन बचाने, प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। साथ ही अधिक से अधिक पौधारोपण करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर एडीएम मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी डी.डी. रजक, तहसीलदार भरत सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल।मो.9827054436भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन - MP/HSD/04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।